शिक्षक पुस्तिका

यूनिट 1

द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम "बच्चें महत्वपूर्ण है"

Equip & Grow
बच्चें महत्वपूर्ण है

टाइम मशीन

चलें, जहाँ यीशु चला था

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

टाइम मशीन

ष्बच्चें महत्वपूर्ण है

द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

यूनिट 1रू पाठ 1-13

ॅमइरू ‗ण्बीपसकतमद ।तमप्उचवतजंदजण्बवउध्उंबीपदमध

सम्पूर्ण "बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम को धन्यवाद!

Founders, Dwight y Kristina Krauss

Creative Team Manager, Flor Boldo

Creative Editorial Team, Jennifer Sánchez, Areli Salinas, Ramón Martínez, Marlon Hernández.

Designer, Julio Sánchez

Contributing Designer Suzanna Kangas (Suki)

Consulting Emeritus, Miguel y Vickie Kangas

Facebook Page Spanish Admin, Ramón Martínez and Verónica Toj

Facebook Page English Admin, Marlon Hernández and Flor Boldo

Translation Team, alineviera, Annupama Wankhede, Anton Klymyk, Araz Mammadzadeh, Aroma Publications and Media, Arturo Jr Boron, Blessy Jacob, Carmela Dawn Flores, Chrisbresnahan, David Raju, Ephraim Njuguna Mirobi, Finny Jacob, Geenav, HamidReza Azimi (hamid.azimi1364 at gm#ail com), Heyaudrey, I-clever.com, iqbalman, Jacob Kuruvilla, kamilturk, Karunguru Mwangi, kiran, Maitrayi Mondal, Marco Chu, Marcos Rocha, Mathew Das, Mitesh Mandaliya, mrramlama, Mrs.Geethashree NavaneethaKrishnan, Nassim Bougtaia, nicbenk, Paul Mwangi, Paul Septan, Rana922, Rubina Rai, Safdar Khan, shahroshan15, Talento-Unido, ueritom, Verdia Juliansyah Cancerika, Yeoh Jung Chin, Zeina Mirella Barzaga Arencibia

परिचय

''टाइम मशीन'' संडे स्कूल में आपका स्वागत है!

इस नए और रोमांचक कार्यक्रम में, हम यीशु के जीवन को देखने के लिए उस समय पर वापस पीछे की ओर जाएंगे! हर हफ्ते, बच्चे एक मजेदार नाटक, एक खेल, विद्यार्थी पुस्तकों में से पहेलियों को हल करने और उपस्थिति के लिए एक नया कार्ड इकट्ठा करने का आनंद उठायेंगे।

मजेदार नाटक को 3 या उससे अधिक पात्रों के लिए तैयार किया गया हैं जो यीशु मसीह के जीवन को देखने के लिए समय में पीछे की ओर जाते हैं। बच्चों को उन पात्रों को जानने और समय को गिनने में बड़ा मजा आएगा जब वे पीछे समय पर जाते हैं। लेकिन यह सिर्फ मनोरंजन ही नहीं है। प्रत्येक नाटक में, वे सभी पात्र विद्यार्थियों के समान ही पाठों को सीखते हैं और उन पाठों को आधुनिक अमलीकरण द्वारा प्रदर्शित भी करते हैं।

इस कार्यक्रम में, बच्चे यीशु के जीवन के बारे में सीखेंगे और आधुनिक समाज में न्याय के बारे में जानेंगे। दूसरों से प्यार करना और दूसरों के साथ सही व्यवहार करना एक ऐसी चीज है जिसको परमेश्वर बहुत महत्व देते हैं। उन कई आयतों में से एक यहाँ देख सकते हैं:

"भलाई करना सीखो, यत्न से न्याय करो, उपद्रवी को सुधारो, अनाथ का न्याय चुकाओ, विधवा का मुकद्दमा लड़ो" (यशायाह 1:17)।

मानव तस्करी जैसे कुछ मुद्दे ऐसे हैं जो युवा बच्चों द्वारा बदले जाने की क्षमता से अभी परे हैं। हालांकि, हम सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना सिखाते हुए दुनिया के बारे में एक बच्चे के नज़रिए को निर्मित कर सकते हैं, ताकि जैसे जैसे वे बड़े होते जाते हैं वे कमजोर और पीड़ित लोगों की मदद कर सकें। बच्चों को न्याय के बारे में सिखाने में मदद करने के लिए तीन विभाग तैयार किए गए हैं।

1, ''न्याय'' विभाग मुख्य पाठ पर आधारित एक आधुनिक अमलीकरण है। उदाहरण: सभी लोगों को परमेश्वर की सृष्टि के रूप में देखना।

2. ''गृहकार्य'' विभाग बच्चों को उनके दिन प्रतिदिन के जीवन में वे जो कुछ सीखते हैं उसका अभ्यास करने की अनुमति देता है। उदाहरण: किसी को धन्यवाद नोट लिखना।

3. ''जीवनी'' विभाग बच्चों को विभिन्न व्यवसायों के बारे में सिखाता है और वे कैसे समाज को लाभ पहुंचा सकते हैं, जैसे पास्टर, वकील, वैज्ञानिक और पुलिसकर्मी आदि। इस विभाग के कुछ व्यवसायों को अलग अलग देशों में ऐसे लोगों के कारण एक नकारात्मक दृष्टि में देखा जाता है जो अपने पदों के अधिकार का दुरुपयोग करते हैं। यह बच्चों को सिखाने का सुनहरा अवसर है कि किसी को उस पद में रहते हुए क्या करना चाहिए या यीशु उस स्थिति में क्या करते। कौन जानें? शायद आपकी कक्षा का कोई एक विद्यार्थी बड़ा होकर उस व्यवसाय में लग जाए, और वे अपने अधिकार या पद का दुरुपयोग करने की बजाय दूसरों की भलाई के लिए सही काम करे। वे अपने समुदायों में या देश में यीशु के लिए एक रोशनी के रूप में चमक सकते हैं।

शिक्षकों, हिम्मत रखो, क्योंकि परमेश्वर आपके साथ है। वह दुनिया को बदलना चाहता है, और अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने से बेहतर कोई अन्य तरीका नहीं है! कल्पना कीजिए कि आपके समुदाय में क्या परिवर्तन हो सकता है जब परमेश्वर आपके बच्चों के दिलों में काम करता है और उन्हें अपने आसपास के लोगों से बिना किसी भेदभाव के प्यार करने में मदद करता है। हम प्रार्थना करते हैं कि बच्चों को प्रशिक्षित करने के इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य को करने के लिए परमेश्वर आपको बहुतायत से आशीष प्रदान करें।

''बच्चे महत्वपूर्ण हैं'' की टीम

अवलोकन

1 राजकीय या साधारण?

बैतलहम की ओर यात्राः लूका 2:1–5

1 पतरस 2:9 परन्तु आप लोग चुने हुए वंश, राजकीय पुरोहित-वर्ग, पवित्र राष्ट्र तथा परमेश्वर की अपनी निजी प्रजा हैं, जिससे आप उसी के महान् कार्यों की घोषणा करें, जो आप लोगों को अन्धकार में से निकाल कर अपनी अलौकिक ज्योति में बुला लाया है।

2 एक महान दोस्त

यूसुफ ने मरियम से शादी कीः मत्ती 1:18–25

याकूब 4:11 भाइयो और बहिनो! आप एक दूसरे की निन्दा नहीं करें। जो अपने भाई अथवा बहिन की निन्दा करता या अपने भाई अथवा बहिन का न्याय करता है, वह व्यवस्था की निन्दा और व्यवस्था का न्याय करता है। यदि आप व्यवस्था का न्याय करते हैं, तो आप व्यवस्था के पालक नहीं, बल्कि न्यायकर्ता बन बैठते हैं।

3 राजकीय या विनम्र जन्म?

यीशु का जन्मः लूका 2:4–20

2 कुरिन्थियों 8:9 आप लोग हमारे प्रभु येशु मसीह की उदारता जानते हैं। वह धनी थे, किन्तु आप लोगों के कारण निर्धन बन गये, जिससे आप उनकी निर्धनता द्वारा धनी बन जाएँ।

4 कठिन समय

यीशु का परिवार मिस्र को गयाः मत्ती 2:13–23

इफिसियों 4:32 एक दूसरे के प्रति दयालु तथा सहृदय बनें। जिस तरह परमेश्वर ने मसीह में आप लोगों को क्षमा कर दिया, उसी तरह आप भी एक दूसरे को क्षमा करें।

5 यीशु, एक विलक्षण बालक

मंदिर में यीशुः लूका 2:41–51

याकूब 1:19 मेरे प्रिय भाइयो और बहिनो! आप यह अच्छी तरह समझ लें। प्रत्येक व्यक्ति सुनने के लिए तत्पर रहे, किन्तु बोलने और क्रोध करने में देर करे

6 एक शानदार शुरुआत

यीशु का बपतिस्माः मत्ती 3:13–17

इब्रानियों 13:17 आपके धर्मनेताओं को रात-दिन आपकी आध्यात्मिक भलाई की चिन्ता रहती है, क्योंकि वे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसलिए आप लोग उनका आज्ञापालन करें और उनके अधीन रहें, जिससे वे अपना कर्त्तव्य आनन्द के साथ, न कि आहें भरते हुए, पूरा कर सकें; क्योंकि इस से आप को कोई लाभ नहीं होगा।

7 टीम की नियुक्ति

यीशु ने 12 चेलों को बुलायाः मत्ती 4:18–22, यूहन्ना 1:35–50

यूहन्ना 8:12 येशु ने लोगों से फिर कहा, "संसार की ज्योति मैं हूँ। जो मेरा अनुसरण करता है, वह अन्धकार में कभी नहीं चलेगा वरन् वह जीवन की ज्योति प्राप्त करेगा।

8 यीशु प्रदान करता है

पानी को दाखरस बनानाः यूहन्ना 2:1–11

लूका 6:38 दो तो तुम्हें भी दिया जाएगा। दबा-दबा कर, हिला-हिला कर भरी हुई, ऊपर उठी हुई, पूरी-की-पूरी नाप तुम्हारी गोद में डाली जाएगी; क्योंकि जिस नाप से तुम नापते हो, उसी नाप से तुम्हारे लिए भी नापा जाएगा।

9 यीशु की तरह प्यार करें

अच्छा सामरीः लूका 10:25–37

लूका 10:27 उसने उत्तर दिया, "अपने प्रभु परमेश्वर को अपने सम्पूर्ण हृदय, सम्पूर्ण प्राण, सम्पूर्ण शक्ति और सम्पूर्ण बुद्धि से प्रेम करो और अपने पड़ोसी को अपने समान प्रेम करो।

10 परमेश्वर इसे पर्याप्त से अधिक बनाता है

5000 को खिलानाः मत्ती 14:13–21

मत्ती 19:26 येशु ने उन्हें एकटक देखा और कहा, "मनुष्यों के लिए तो यह असम्भव है; किन्तु परमेश्वर के लिए सब कुछ सम्भव है।

11 परमेश्वर पर भरोसा रखना

यीशु ने तूफान को शांत कियाः लूका 8:22–25

व्यवस्थाविवरण 31:8 तेरे आगे-आगे चलनेवाला प्रभु है। वह तेरे साथ होगा। वह तुझे निस्सहाय नहीं छोड़ेगा। वह तुझे त्याग नहीं देगा। मत डर! निराश नहीं हो!

12 यीशु कौन है?

तुम क्या कहते हो कि मैं कौन हूं? मत्ती 16:13–20

योहन 3:16 परमेश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो कोई उस में विश्वास करता है, वह नष्ट न हो, बल्कि शाश्वत जीवन प्राप्त करे।

13 यीशु अपनी सामर्थ दिखाता है

लाज़रः यूहन्ना 11:32–44

यूहन्ना 11:25 येशु ने कहा, "पुनरुत्थान और जीवन मैं हूँ। जो मुझ में विश्वास करता है, वह मरने पर भी जीवित रहेगा

इस सामग्री का इस्तेमाल कैसे करें

नाटक (भाग 1)

प्रत्येक नाटक में, ''न्याय टीम'' यीशु के जीवन का हिस्सा देखने के लिए पीछे के समय पर जाती है, जहां टीम के सदस्य एक समानांतर पाठ को सीखते हैं और फिर वे इसे अपने आधुनिक जीवन में लागू करते हैं। प्रत्येक नाटक का एक भाग मुख्य पाठ से पहले लिखा गया है, जहाँ वे समय में पीछे की ओर जाते हैं, और प्रत्येक नाटक का दूसरा भाग मुख्य पाठ के बाद आता है, जबकि सारे पात्र वापस लौट आते हैं और जो उन्होंने सीखा है उसपर अमल करते हैं।

नाटकों को 3 पात्रों के लिए तैयार किए गए हैं: अगुवा, खोज करने वाली (जांचकर्ता) और एक एजेंट। अन्य दो पात्र, एक मैकेनिक और एक तकनीशियन, भी आप जोड़ सकते हैं अगर आपके पास अधिक विद्यार्थी हो।

अगुवा, जांचकर्ता, एजेंट, मैकेनिक, तकनीशियन।

मुख्य पाठ

शुरुआती नाटक के बाद मुख्य पाठ आता है। बाइबल की कहानियों को पूरी तरह से पाठ में नहीं लिखा गया हैं, इसलिए कृपया बाइबल से पूरी कहानी को पढ़ना न भूलें।

नाटक (भाग 2)

मुख्य पाठ के बाद, नाटक के दूसरे भाग को पूरा करें, जहाँ टीम ने जो कुछ भी सीखा हैं उसके द्वारा अपनी समस्या का हल करते हैं।

न्याय

विद्यार्थी पुस्तकों में पहेलियों का हल करते हुए, या नाश्ता खाते समय, मुख्य पाठ के साथ इस छोटे विभाग की भी समीक्षा करें।

जीवनी

जीवनी विभाग बच्चों को विभिन्न व्यवसायों के बारे में सिखाता है और यह भी कि वे कैसे समाज को लाभ पहुंचा सकते हैं, जैसे पास्टर, वकील, वैज्ञानिक और पुलिसकर्मी। इस विभाग के कुछ व्यवसायों को अलग अलग देशों में ऐसे लोगों के कारण एक नकारात्मक प्रकाश में देखा जाता है जो अपने पदों के अधिकार का दुरुपयोग करते हैं। यह बच्चों को यह सिखाने का सुनहरा अवसर है कि किसी को उस पद में रहते हुए क्या करना चाहिए या यीशु उस स्थिति में क्या करते। कौन जानता है? शायद आपकी कक्षा का कोई एक विद्यार्थी बड़ा होकर उस व्यवसाय में लग जाए, और वे अपने अधिकार या पद का दुरुपयोग करने की बजाय दूसरों की भलाई के लिए सही काम करे। वे अपने समुदायों में या देश में यीशु के लिए एक रोशनी के रूप में चमक सकते हैं।

शुरुआत में कोई छोटा सा खेल खेलकर इसे और मजेदार बनाएं। किसी को व्यवसाय का अभिनय करने को कहें और सभी बच्चों को इसका अनुमान लगाने को कहें।

याद करने की आयत

प्रत्येक याद करने की आयत पाठ पर आधारित होती है। याद करने के तरीके को मजेदार बनाने के लिए कुछ खेल या गतिविधि को खोजने पर विचार करें।

विद्यार्थी पुस्तकें

बच्चों को विद्यार्थी पुस्तकों में से पहेली को हल करना काफी पसंद आएगा। शब्द खोजने और चित्रों पर रंग भरना प्रत्येक पाठ का मजा कई गुणा बढ़ाता है। शब्द खोजो खेल में से अलग अलग शब्दों पर चर्चा भी करें, जैसे मूल्य, नम्रता और न्याय और विद्यार्थी से पूछें कि उन शब्दों का क्या अर्थ है।

प्रश्न और उत्तर (बड़े विद्यार्थियों के लिए)

वयस्क दुनिया में जीवन बडा जटिल होता है। क्या हमें अच्छा नहीं लगता, अगर कोई व्यक्ति हमेशा हमें मुश्किल समस्याओं का हल देने के लिए हमारे साथ होता? लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता है, और हमें अपने स्वयं के निष्कर्ष पर आना पड़ता है जितना हम कर सकते हैं। बड़े विद्यार्थी भी वयस्कता के करीब पहुंच रहे हैं। अगर हम संडे स्कूल में उन्हें हर चीज के लिए ''सही उत्तर'' बताते रहें और कठिन सवालों से बचते रहें, तो यह उन्हें अप्रशिक्षित और खुद के लिए बाइबल से उत्तर खोजने और उनके विषय में सोचने में असमर्थ छोड़ देता है। यह उन्हें दुविधा में ले जाएगा और वे भटक जाएंगे जब इन कठिन सवालों का सामना अपने जीवन में करते हैं और कॉलेज के प्रोफेसरों और शिक्षकों से केवल सांसारिक उत्तर ही पाते हैं। इसके बजाय, बड़े विद्याथिर्यों को गंभीरता से सोचने का अभ्यास करने में मदद करने के लिए इस विभाग का उपयोग करें। बड़े विद्यार्थियों के बीच चर्चा शुरू करें। उन्हें ''सही उत्तर'' न बताएं, बल्कि प्यार से उन्हें अपने स्वयं के अच्छे निष्कर्ष पर आने के लिए अगुवाई दें। हमने शिक्षकों की एक कुंजी के रूप में इन कठिन सवालों के कुछ उत्तर प्रदान किए हैं।

समय सारणी

आरंभ करें
- स्वागत
- गाना

नाटक और पाठ
- नाटक भाग 1
- पाठ
- नाटक भाग 2

गतिविधियां

अन्य गतिविधियाँ, जैसे कि विद्यार्थी की पुस्तक या नाश्ता करते समय जीवनी और न्याय विभाग को करें।
- याद करने की आयत
- विद्यार्थी पुस्तकें
- प्रश्न और उत्तर (बड़े विद्यार्थियों के लिए)
- खेल (वैकल्पिक)

समाप्त करें
- गृहकार्य

खेल

विद्यार्थियों के साथ एक खेल खेलें! बच्चों के लिए खेल बहुत महत्वपूर्ण हैं, जिससे उन्हें सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। साथ ही, वे मजेदार होते हैं! यह और अधिक बच्चों को यीशु के पास आने और उनके बारे में सुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक महान तरीका है, जब उनके सभी दोस्त उन्हें आपके मजेदार कक्षा में आमंत्रित करते हैं।

गृह कार्य

पवित्रशास्त्र कहता है कि यदि हम परमेश्वर का वचन सुनते हैं लेकिन इसे व्यवहार में नहीं लाते हैं तो इससे हमें कोई फायदा नहीं है (याकूब 1:22–25)। जो उन्होंने सीखा है उनसे बच्चों को अपने दैनिक जीवन में परमेश्वर के वचन को लागू करने के लिए प्रशिक्षित करें। उन बच्चों को एक चॉकलेट या छोटे पुरस्कार के साथ पुरस्कृत करने के लिए कुछ समय अलग करें, जिन्होंने पिछले हफ्ते अपने गृहकार्य को पूरा किया था।

कार्ड

उपस्थिति के लिए पुरस्कार के रूप में इन कार्डों का उपयोग करें। हर एक कार्ड के सामने एक मजेदार डिजाइन बना है और उसके पीछे की तरफ याद करने की आयत है।

राजकीय या साधारण?

01

बैतलहम की ओर यात्राः लूका 2:1–5

नाटक (पहला भाग)

एजेंट न्याय टीम में शामिल होता है और पहली बार उनके अगुवे और जांचकर्ता से मिलता है। अगुवा संक्षेप में न्याय टीम की भूमिका के बारे में बताता हैः टाइम मशीन में बैठकर आधुनिक समय में यीशु का अनुसरण करने और न्याय के उदाहरणों की जांच करने के लिए समय में वापस पीछे की ओर यात्रा करके यीशु के जीवन की प्रत्यक्ष जांच पड़ताल करना। एजेंट उस समय यात्रा अभियान पर अगुवा और जांचकर्ता की सहायता करेगा। आज का मिशन यीशु के माता–पिता और उस स्थान और समाज से मिलना है जहाँ वे रहते थे। अगुवा ऑपरेशन कंट्रोलर (किसी अन्य पात्र या मंच के बाहर कोई एक काल्पनिक व्यक्ति) को संकेत देता है और फिर जांचकर्ता और एजेंट के साथ उस टाइम मशीन में चढ़ जाता है। सभी नाटकों में इस बिंदु पर, यदि संभव हो तो टाइम मशीन को हल्के से हिलाएं और समय यात्रा के भाग के लिए अलग आवाज़ निकालते रहें। इसके बाद मुख्य पाठ को सिखाएं और फिर इन पात्रों को नाटक के दूसरे भाग पर लौट आने को कहें।

पाठ 1

एक जवान जोड़े ने लंबी, गर्म, धूल भरी सड़क पर यात्रा की। उस देश के राजा ने आज्ञा दी थी कि सभी को अपने परिवार के साथ उनके परिवार की गिनती के लिए शहर में जाना होगा। इसलिए, उन्होंने अपने पैतृक गांव, बैतलहम के शहर की ओर 5 दिन की यात्रा शुरू की। वहां पर कोई कार, बस, हवाई जहाज या यहां तक कि साइकिल भी नहीं थी, इसलिए वे पैदल ही चलने लगे। शायद उनके पास एक गधा था, लेकिन उस पर सामान रखकर वे शायद वे पैदल चले। वहां बहुत सारे लोग पैदल जा रहे होंगे।

यूसुफ और मरियम जवान थे और शादी के लिए उनकी मंगनी हो चुकी थी। वे धनी लोग नहीं थे। यूसुफ लकड़ी का काम करने वाला बढ़ई था और मरियम एक युवा लड़की थी। विशेष दिखने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था।

लेकिन यूसुफ और मरियम दोनों ही बहुत खास थे। दोनों ही इस्राएल के राजा, दाऊद के वंश से थे। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि दाऊद एक महान राजा था और ''परमेश्वर के हृदय के अनुसार का एक व्यक्ति'' कहा गया था। इसका मतलब यह हुआ कि यूसुफ और मरियम दोनों राजवंश से थे क्योंकि उनके पूर्वज राजा थे। वे या उनके बच्चे कानूनी रूप से राजा बन सकते थे! लेकिन, इस समय, इस्त्राएल का अपना कोई राजा नहीं था। उन पर कैसर नाम का एक अन्य राजा का शासन था, जिन्होंने उन्हें बैतलहम की यात्रा करने का आदेश दिया था।

यह वास्तव में अच्छा ही था क्योंकि पुराने समय में भविष्यद्वक्ताओं ने परमेश्वर की ओर से बात की थी, और कहा था कि मसीह के रूप में एक नया राजा बैतलहम में जन्म लेगा। यह दाऊद का शहर है और वे दाऊद के वंशज थे।

तो, मंच तैयार है। राजवंश के खून का एक जोड़ा एक ऐसे स्थान पर जा रहा है जहाँ एक नए, महान राजा का जन्म होने वाला था। यह कोई संयोग नहीं है, लेकिन कुछ ऐसा अद्‌भुत है जिसकी परमेश्वर ने योजना बनाई थी।

तो, क्या वे राजकीय लोग थे या साधारण लोग थे? वे दोनों थे!

परमेश्वर चाहते हैं कि हम भी उनके बच्चे बनें! वास्तव में, यही कारण है कि परमेश्वर ने यीशु को संसार में भेजा, ताकि यह संभव हो सके कि हम भी परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियाँ बन सके! क्या आप परमेश्वर के बच्चे हैं? क्या आप परमेश्वर को ''पिता'' बुला सकते हैं?

याद करने की आयत 1

1 पतरस 2:9 परन्तु आप लोग चुने हुए वंश, राजकीय पुरोहित-वर्ग, पवित्र राष्ट्र तथा परमेश्वर की अपनी निजी प्रजा हैं, जिससे आप उसी के महान् कार्यों की घोषणा करें, जो आप लोगों को अन्धकार में से निकाल कर अपनी अलौकिक ज्योति में बुला लाया है।

नाटक (दूसरा भाग)

पाठ के बाद, अगुवा, जांचकर्ता और एजेंट टाइम मशीन में बैठकर वर्तमान समय में लौटते हैं। वे इस बात की चर्चा करते हैं कि उन्होंने क्या देखा: मरियम और यूसुफ काफी साधारण दिखते थे और किसी और से बिल्कुल भी अलग नहीं थे। यह आश्चर्यजनक बात है कि वे पूरे इतिहास में प्रसिद्ध व्यक्ति बन गए और परमेश्वर ने उन्हें अपने पुत्र की देखभाल करने के लिए चुना। एजेंट दूसरों को बताता है कि वह दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रहा था, लेकिन अब वह यह जान गया है कि हर व्यक्ति जो उससे मिलता है, उसका परमेश्वर की आँखों में बहुत ही मूल्य है।

न्याय 1

ऐसा सोचना आसान है कि साधारण परिस्थितियों में रहने वाले लोगों के पास दूसरों की तुलना में कम अधिकार या मूल्य हैं। लेकिन सभी लोग परमेश्वर की सृष्टि हैं और वह प्रत्येक व्यक्ति को महत्व देते हैं और उन्हें यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के बेटे और बेटियां बनने का मार्ग प्रदान करते हैं।

जीवनी (पिता) 1

एक पिता के पास अपने परिवार की देखभाल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। इसका मतलब है कि न केवल माँ को बच्चों की देखभाल करने और उन्हें प्रशिक्षित करने में उसकी मदद करने की, बल्कि उनके लिए पालन पोषण के तरीके भी खोजना होता है। उसे प्रत्येक बच्चे की विशेष आवश्यकताओं के प्रति सचेत रहना चाहिए ताकि वह और बच्चों की माँ उन विशेष कौशलों को विकसित करने के लिए मिलकर काम कर सकें।

जिम्मेदारियां: एक पिता को व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और इच्छाओं को अलग करना सीखना चाहिए और अपने जीवन को अपने परिवार की जरूरतों पर केंद्रित करना सीखना चाहिए। क्योंकि माँ आमतौर पर बच्चों के साथ अधिक सीधे तौर पर काम करती है, इसलिए पिता उस संबंध में उसकी मदद कर सकता है और यह भी ध्यान रखें कि वह माँ को भावनात्मक और शारीरिक रूप से कैसे मदद कर सकता है। पिता को यह एहसास होना चाहिए कि उसके रोजगार और जीवन के विकल्प न केवल उसे खुद को प्रभावित करते हैं, बल्कि माँ और बच्चों को भी प्रभावित करते हैं।

अवसर: पिता के पास अपने परिवार को आशीषित जीवन देने का एक अनूठा अवसर होता है। भजन 127:4–5 में लिखा है कि जैसे वीर के हाथ में तीर, वैसे ही जवानी के बच्चे होते हैं। क्या ही धन्य है वह पुरूष जिसने अपने तक्रश को उन से भर लिया हो! तेरह, अब्राहम के पिता, (उत्पत्ति 11:31) के पास कनान में अपने परिवार के लिए कुछ बेहतर करने का दर्शन हो सकता हैं। उन्होंने ऊर नाम अपने देश को छोड़ा, जो सभ्यता का पालना था और एक ऐसे स्थान पर गया जहां उन्होंने एक शहर बसाया। लेकिन उसके बेटे अब्राहम के पास आगे और यात्रा करके वादा किए गये कनान देश में पहुंचने का एक खुला मन था। एक पिता के पास अपनी आने वाली पीढ़ियों पर एक जबरदस्त प्रभाव डालने का अवसर होता है।



प्रश्न और उत्तर 1

मैं कैसे जान सकता हूं कि मैं परमेश्वर का बच्चा हूं? (बच्चों को यूहन्ना 1:12–13 की आयतें पढ़ने के लिए अगुवाई करें और उन्हें इस पर चर्चा करने के लिए समय दें।)

अगर मैं गलतियाँ करता हूँ, तो क्या मैं परमेश्वर की आशीष खो सकता हूँ? (हाँ ... ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है क्योंकि उनके मूल्य गलत थे, लेकिन ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने अपनी आशीषों के लिए संघर्ष किया हैं!)

परमेश्वर मुझसे क्या चाहते हैं? (हम सभी के पास परमेश्वर की ओर से अलग–अलग वरदान और प्रतिभाएं मिले हैं, परमेश्वर इस दुनिया में अपनी महिमा को दिखाने के लिए हम सभी को अलग अलग तरीके से उपयोग कर सकते हैं ताकि उनके लिए अधिक लोगों तक पहुंच सके। परमेश्वर हमारे वरदानों के बाहर भी हमारा उपयोग कर सकते हैं, और कभी–कभी वह हमारी निर्बलता के द्वारा अपनी महानता दिखाना चाहता है। वह एक ऐसे हृदय से अधिक प्रसन्न होता है जो वह सब करने के लिए तैयार और उपलब्ध रहता है जो वह कहता है।)

उस शहर का नाम क्या था जिसमें यूसुफ और मरियम को जाना था? (बैतलेहम)

क्या यूसुफ और मरियम के दिनों में कोई ट्रेन थी? (नहीं, केवल ऐसी गाड़ियां थीं जिन्हें गधों के द्वारा खींचा जाता था या वहां घोड़े और ऊंट भी थे।)

पहेली जवाब 1



खेल 1

बोरा दौड़

कुछ बड़े बोरे लें, जैसे आलू के बोरे या ऐसा कुछ जहाँ दौड़ में भाग लेनेवाले अपने पैरों के चारों ओर बोरी रखते हैं और उन्हें शुरुआती रेखा से आखिरी रेखा तक कूदना होता है। इसे बाइबल की कहानी से संबद्ध करें और जहां से शुरुआत करते हैं उस रेखा को गलील और जहां समाप्त करते हैं उस रेखा को बेतलेहेम कहकर पुकारे। यदि बहुत सारे बच्चे हैं, तो अच्छे व्यवहार के लिए पुरस्कार के रूप में खेल के लिए कुछ प्रतियोगियों को चुनें। आप बच्चों को समूहों में विभाजित कर सकते हैं और रिलै दौड़ करा सकते हैं।



गृहकार्य 1

उन 5 बातों की एक सूची बनाएं जो बताता है कि आप एक सामान्य व्यक्ति हैं और 5 बातों की अन्य एक सूची बनाएं जो बताती है कि आप राजकीय वंश से हैं क्योंकि आप परमेश्वर के परिवार में हैं। उदाहरण के लिए: मेरे शहर में कोई भी मेरा नाम नहीं जानता। परमेश्वर मुझे जानते हैं और अपने जीवन की पुस्तक में मेरा नाम लिखा है।

एक महान दोस्त

02

यूसुफ ने मरियम से शादी की: मत्ती 1:18–25

नाटक (पहला भाग)

एजेंट ने जांचकर्ता को एक अफवाह के बारे में बताया कि उनका अगुवा टाइम मशीन के तकनीक को अच्छी तरह नहीं समझता है। उन्हें अब अपने अगुवे के बारे में संदेह होता है जब वे यीशु के जीवन की एक घटना को देखने के लिए समय में पीछे की ओर वापस जाने के लिए टाइम मशीन में चढ़ते हैं। उन्हें इस बात का डर था कि वे वर्तमान समय में वापस नहीं आ पाएंगे।

पाठ 2

यूसुफ को एक बड़ी समस्या थी। उसकी मरियम नाम की एक लड़की से सगाई हुई थी और उसका एक बच्चा होने वाला था। लेकिन हर कोई जानता था कि केवल शादीशुदा लोगों को ही बच्चे पैदा होने चाहिए थे। यूसुफ ने चुपचाप अपनी सगाई को तोड़ने का फैसला किया ताकि मरियम को चोट न लगे। लेकिन तब, यूसुफ ने एक सपना देखा जहां परमेश्वर के एक दूत ने उससे कहा कि उसे मरियम से शादी करने में बिल्कुल डरने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वह बच्चा परमेश्वर की ओर से था। साथ ही, उसने यह भी बताया कि उस बच्चे का नाम यीशु रखना क्योंकि वह लोगों को उनके पापों से छुड़ाएगा। इसलिए, यूसुफ ने वैसा ही किया।

यूसुफ मरियम का कितना अच्छा दोस्त था! उसने मरियम के बारे में सबसे अच्छा सोचा और उसके साथ खड़ा रहा।

क्या आप पर कभी किसी बुरे काम का आरोप लगाया गया है जो आपने न किया हो? या आपके बारे में कोई अफवाह फैलाई गई है जो सच नहीं थी? तब क्या यह बड़ी बात नहीं होगी कि ऐसा कोई मित्र हो जो आप पर विश्वास करे और इस समय में आपका बचाव करे?

सोशल मीडिया पर या समुदाय में गपशप करना कितना आसान होता है। कई झूठे आरोप और अफवाहें शुरू होती है और चारों ओर फैल जाती है। और यह किसी व्यक्ति को बुरी तरह से चोट पहुंचा सकते हैं।

आप किसी और के लिए एक अच्छे दोस्त हो सकते हैं! लोगों के विषय में अफवाहों या गपशप को स्वीकार न करें। इसके बजाय, एक सच्चे दोस्त बनें। गलत तरीके से सताए जाने वाले लोगों के लिए खड़े हों। ऑनलाइन पर किसी अन्य व्यक्ति के बारे में नकारात्मक बातें पोस्ट न करें। कभी भी कोई नकारात्मक पोस्ट को फॉरवर्ड न करें।

यीशु भी हमारे लिए ऐसे ही एक मित्र हैं। 1 यूहन्ना 2:1 हमें बताता है कि यीशु हमेशा परमेश्वर पिता के साथ है जो हमारे बारे में अच्छी बातें ही कहता है।

याद करने की आयत 2

याकूब 4:11 भाइयो और बहिनो! आप एक दूसरे की निन्दा नहीं करें। जो अपने भाई अथवा बहिन की निन्दा करता या अपने भाई अथवा बहिन का न्याय करता है, वह व्यवस्था की निन्दा और व्यवस्था का न्याय करता है। यदि आप व्यवस्था का न्याय करते हैं, तो आप व्यवस्था के पालक नहीं, बल्कि न्यायकर्ता बन बैठते हैं।

नाटक (दूसरा भाग)

मुख्य पाठ के बाद, जबकि वे वर्तमान समय में लौटने की तैयारी कर रहे हैं, टाइम मशीन टूट जाती है और काम करना बंद कर देती है। एजेंटों को पता नहीं होता कि क्या करना है, लेकिन अगुवा उस मशीन के पीछे चढ़ जाता है और कुछ तकनीक पर काम करता है और थोड़ी देर में वह फिर से काम करने लगता है। जब वे वर्तमान में लौटते हैं, तो दोनों एजेंटों को पता चलता है कि उन्हें अपने अगुवा के बारे में फैलाई गई अफवाह पर विश्वास नहीं करना चाहिए था और न ही अब वे अफवाहों को फैलाएंगे।

न्याय 2

अक्सर, हम अन्य लोगों में कमियों को ढूंढते हैं। यह हमें अच्छा महसूस कराता है जैसे कि शायद हम बेहतर हैं। लेकिन हम सभी ने पाप किया है। सौभाग्य से, परमेश्वर हमें हमारे पापों से उद्धार देना चाहते है। परमेश्वर प्रेम से उन लोगों को देखता है जो अभी तक बचाए नहीं गये हैं और आशा करता है कि वे पश्चाताप करेंगे। हमें भी लोगों को परमेश्वर के तरीके से देखना और उनके साथ व्यवहार करना चाहिए।

जीवनी (वकील) 2

एक वकील का काम लोगों का बचाव करना है। यदि यह आपका काम है, तो यह जानना अच्छा है कि लोगों की सुरक्षा में मदद के लिए परमेश्वर को वकीलों की जरूरत है। अक्सर ऐसे लोग होते हैं जो गरीब और जरूरतमंद लोगों के साथ गलत व्यवहार करते हैं क्योंकि वे खुद की रक्षा नहीं कर पाते हैं। भजन 82:3 में लिखा है: कंगाल और अनाथों का न्याय चुकाओ, दीन दरिद्र का विचार धर्म से करो।

जिम्मेदारियां: बेशक, एक वकील की जिम्मेदारी होती है कि उसे कानून की अच्छी जानकारी हो, लेकिन साथ ही उसे यह भी जानना चाहिए कि समुदाय में अदालतों के माध्यम से किस तरह की घटनाएं हो रही हैं। गरीब व्यक्ति पर अत्याचार करने वाले व्यक्ति और किसी अन्य व्यक्ति का फायदा उठाने की कोशिश करने वाले गरीब व्यक्ति के बीच अंतर को देख पाना मुश्किल हो सकता है।



अवसर: प्रशिक्षित वकीलों को न केवल अपने ग्राहकों, बल्कि समुदाय को भी सुरक्षित रखने के लिए समाज में उन्हें एक अच्छी स्थिति में रखना चाहिए। वे सभी प्रकार के लोगों के साथ बातचीत करने के कारण काफी कुशल हो जाते हैं, इसलिए वे एक मुद्दे पर खड़े हो सकते हैं और प्रभावी रूप से परमेश्वरीय विचारधारा का संचार कर सकते हैं। साथ ही वे एक समुदाय के आंतरिक कार्यों को भी देखते हैं और यह निर्धारित कर सकते हैं कि कौन से मुद्दे सबसे अच्छा कार्य कर सकते हैं।

प्रश्न और उत्तर 2

1. यदि यीशु मेरा वकील है, तो क्या मैं वह सब कुछ कर सकता हूँ जो मैं चाहता हूँ और हमेशा परमेश्वर के सामने सही रहूँगा? (क्षमा माँगने पर परमेश्वर हमारे सबसे बुरे पापों को भी क्षमा कर देते हैं। लेकिन यीशु मसीह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम वह सबकुछ नहीं कर सकते जो हम चाहते हैं और हमेशा परमेश्वर के साथ सही ठहरे। जबकि यीशु पर विश्वास करना ही स्वर्ग में जाने का मार्ग है, न कि अच्छे कार्य, इसलिए जब कोई यीशु में विश्वास करता है, तो पवित्र आत्मा अच्छे फल पैदा करने के लिए उस व्यक्ति के हृदय को बदलने के लिए काम करता है। पौलुस हमें बताता है कि हम भय और कांपते हुए हमारे उद्धार के काम को पूरा करते हैं। आप अपने आप को नहीं बचा सकते, लेकिन हमें बचाने के लिए हम परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं।)

2. फिर ऐसे बुरे लोग क्यों होते हैं?

बहुत से लोग परमेश्वर पर विश्वास नहीं करते हैं और न ही उनके वचन पर विश्वास करते हैं कि हमें सभी कार्यों के लिए अनंत काल में प्रतिफल दिया जाएगा। कुछ लोगों के दिल कठोर और कड़वाहट से भरे होते हैं और वे परमेश्वर और उसके लोगों को अस्वीकार करते हैं। अक्सर, लोग दूसरों को चोट पहुँचाते हैं क्योंकि वे खुद को अंदर से चोट पहुँचा रहे होते हैं। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति जो कंप्यूटर को हैक करना पसंद करता है और नुकसान पहुंचाता है, वह शायद दूसरों के विरूद्ध शक्ति का उपयोग करने में अपने आप को असुरक्षित महसूस करने की क्षतिपूर्ति के रूप में ऐसा कर सकता है। हमारे लिए परमेश्वर का प्यार महान और अद्भुत और शुद्ध है, और यह दुनिया इसे समझ या स्वीकार नहीं कर सकती है।

3. अगर एक अफवाह सच है तो मैं इसे कैसे जान सकता हूं? मैं अफवाहों के साथ क्या करूँ?

हमें कभी अफवाहों को नहीं फैलाना चाहिए, भले ही वे सच हों या न हों। केवल वे लोग जिन्हें अन्य लोगों के बारे में बुरी बातें पता होनी चाहिए, वे उस अधिकार की स्थिति में होते हैं जिन्हें दूसरों की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। एक युवा के रूप में, आप अपने पिता या माँ, एक शिक्षक, या पास्टर जैसे किसी एक विश्वसनीय वयस्क के साथ सलाह मशवरा कर सकते हैं ताकि आपको सीखने में मदद मिले और आपकी समस्या का समाधान मिले।

4. यूसुफ ने किन बातों का खतरा उठाया? और अंत में इसके क्या फायदे हुए?

स्थानीय और अस्थायी प्रतिष्ठा, काम, घर, भविष्य में नेतृत्व ... परमेश्वर के पुत्र का पालन–पोषण, बाइबल में नाम, अनंतकाल के लिए एक धर्मी के रूप में पहचान मिली ...

5. यूसुफ के सपने में क्या हुआ था?

उसने अपने सपने में एक स्वर्गदूत को देखा जिसने उससे मरियम को अपनी पत्नी बनाने को कहा।

पहेली जवाब 2



खेल 2

रिले दौड़



बच्चों को टीमों में विभाजित करें। कमरे के दूर पर एक पौंछने वाला बोर्ड या कागज का एक बड़ा शीट रखें। जब आप कहते हैं 'जाओ', प्रत्येक टीम का एक बच्चा दौड़ता है और याद किए हुए पद में से पहला शब्द लिखता है। बच्चा फिर पेन के साथ वापस भागता है और टीम के अगले सदस्य को देता है जो कागज की ओर भागता है और आयत का अगला शब्द लिखता है और आगे ऐसे चलता रहता है। जो टीम पहले समाप्त करती है वह जीत जाती है।

गृह कार्य

जब आप इस हफ्ते किसी के बारे में कोई अफवाह सुनते हैं, तो खुलकर कहें कि यह केवल एक अफवाह है और हमें उस व्यक्ति के बारे में कहीं गई अफवाह पर विश्वास नहीं बल्कि संदेह करना चाहिए।

राजकीय या विनम्र जन्म? 03

यीशु का जन्मः लूका 2:4–20

नाटक (पहला भाग)

अगुवा आज जांचकर्ता और एजेंट के साथ एक योजना पर चर्चा करता है। जांचकर्ता सोचती है कि क्योंकि उसके पास अधिक अनुभव है, इसलिए उसे चरनी में जाकर शिशु यीशु को देखना चाहिए। लेकिन अगुवा कहता है कि उसके और एजेंट के लिए बेहतर है कि वे चरवाहों के साथ बाहर इंतज़ार करें जबकि वह खुद सीधे चरनी में अंदर जाता है। इसलिए जब वे अपने अभियान पर जाने के लिए टाइम मशीन में चढ़ते हैं तो जांचकर्ता का मूड थोड़ा बिगड़ा होता है।

पाठ 3

भेड़ें बहुत चालाक नहीं होती हैं, लेकिन वे खाने में काफी अच्छी होती हैं, इसलिए उनका अच्छा ध्यान रखना होता है। भेड़ों की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं है। आपको इसके लिए कॉलेज की डिग्री या कोई विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है और आपकी आमदनी भी बहुत ज्यादा नहीं होगी। लेकिन आपको बहुत बहादुर और भरोसेमंद होना होगा। लेकिन बड़ी बात यह है, क्योंकि भेड़ कभी भेड़ होने से एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेती है, इसलिए चरवाहों को चरवाहा होने से भी एक दिन की छुट्टी कभी नहीं मिलती है। यह बहुत ही उबाऊ काम होगा।

लूका 2:8–20 को पढ़िए

परमेश्वर ने निर्णय लिया कि सबसे पहले वह यीशु के बारे में उन लोगों को बताएंगे जो सामान्य लोगों का एक समूह होगा। मुझे लगता है कि अगर मैं होता तो मैंने धार्मिक अगुवों या वास्तव में प्रसिद्ध लोगों को चुना होता, लेकिन परमेश्वर ने इसके बजाय साधारण चरवाहों को चुना।

अपने पूरे जीवन के दौरान, यीशु ने सामान्य लोगों के साथ समय बिताना चुना, न कि धनवान, प्रसिद्ध लोगों के साथ।

यीशु ने ऐसा क्यों किया? यीशु केवल धनवान, शक्तिशाली और प्रसिद्ध लोगों को ही बचाने के लिए नहीं आए थे। वह सभी को बचाने के लिए आया था और ऐसा करने के लिए, वह एक ऐसा व्यक्ति बन गया जिसे हम एक दोस्त के रूप में देख सकते थे।

वह फालतू में बहुत सारे कपड़ों की मांग कर सकता था, लेकिन इसके बजाय उसके पास जरूरत से ज्यादा कभी नहीं थे। उसके पास बहुत से नौकर हो सकते थे, लेकिन इसके बजाय वह दूसरों की सेवा करने को तैयार था। वह अपने लिए एक सुंदर महल चुन सकता था, लेकिन इसके बजाय बाइबल कहती है कि उसके पास कभी अपने सिर धरने के लिए जगह नहीं थी। वह महंगे भोजन खा सकता था, लेकिन उसने किसी और के विवाह में पानी को दाखरस बनाया और दूसरों को खिलाना ही चुना। इस तरह, हम यह नहीं सोच सकते कि हमें यीशु से रिश्ता बनाने करने के लिए धन या शक्ति की आवश्यकता है।

याद करने की आयत 3

2 कुरिन्थियों 8:9 आप लोग हमारे प्रभु येशु मसीह की उदारता जानते हैं। वह धनी थे, किन्तु आप लोगों के कारण निर्धन बन गये, जिससे आप उनकी निर्धनता द्वारा धनी बन जाएँ।

नाटक (दूसरा भाग)

टाइम मशीन में बैठे हुए अपने अभियान से लौटते वक्त, जांचकर्ता और एजेंट दोनों उत्साह से आकाश में स्वर्गदूतों द्वारा गाये गए विशाल प्रदर्शन को याद कर रहे थे, जो उन्होंने चरवाहों के साथ आकाश में देखा था। साथ ही वे उस घटना की फोटो को देखकर काफी खुश हो रहे थे। अगुवा जांचकर्ता से पूछता है कि वह अपने काम के बारे में कैसा महसूस

कर रही है। वह स्वीकार करती है कि भले ही उसने चरवाहों के साथ खेतों में इंतजार करने में बहुत समय बिताया हो, लेकिन अंत में उसने न केवल सभी स्वर्गदूतों को गाते हुए देखा, बल्कि उसने चरवाहों के पीछे पीछे चलते हुए शिशु यीशु को भी देखा।

न्याय 3

जिस तरह यीशु ने कभी सम्मान पाने की अपेक्षा नहीं की, जबकि वह इसका हकदार था, उसी तरह हम भी नम्र बन सकते हैं, और कभी ऐसी मांग न करें कि हमें भी राजाओं और रानियों की तरह सम्मान दिया जाए जो वास्तव में परमेश्वर ने हमें बनाया है।

जीवनी (चरवाहा) 3

नए श्रमिकों के लिए सबसे अच्छी नौकरियों में से एक चरवाहा बनना है। स्वयं मूसा और राजा दाऊद दोनों पहले चरवाहे थे, और परमेश्वर ने यीशु के जन्म की घोषणा करने के लिए सबसे पहले स्वर्गदूतों को चरवाहों के पास ही भेजा था।



जिम्मेदारियां: एक चरवाहे को उस व्यक्ति की इच्छाओं को जानना चाहिए, जिसके लिए वह काम कर रहा है, जैसे कि उन्हें अच्छे चारागाहों में ले जाना – फिर सुरक्षित घर ले आना। चरवाहे को जानवरों से, खतरनाक पौधों से, मौसम के कुप्रभावों से और खतरनाक इलाकों से उनकी रक्षा करनी चाहिए। यदि कोई भेड़ किसी झाड़ी में खो जाती है या कोई चोर चुरा ले जाता है, तो भेड़ों की गिनती और उनका ध्यान रखना चाहिए।

अवसर: एक चरवाहे के रूप में, आप जानवरों के बारे में सीख सकते हैं और यह भी उनकी बेहतर देखभाल कैसे कर सकते हैं। अच्छा खाना उन्हें बेहतर बनाता है, और खतरे से सुरक्षा आपके काम को आसान बनाती है। और जबकि आप प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, तो आप अपने संडे स्कूल की कक्षा से सामग्री ला सकते हैं और आयतों को याद कर सकते हैं, पाठों के बारे में सोच सकते हैं, और सीख सकते हैं कि उन पाठों को अपने जीवन में कैसे लागू किया जाए।

प्रश्न और उत्तर 3

1. सबके साथ मिलजुल कर रहना जरूरी है, सही है ना? (उन्हें अपने पड़ोसी से प्यार करने में आने वाले धिक्कतों के बारे में चर्चा करने दें लेकिन परमेश्वर को पहले रखना चाहिए। बाइबल कहती है कि हमें जितना हो सके उतना दूसरों के साथ शांति से रहना चाहिए (रोमियों 12:18), लेकिन यह कि हमें दूसरों के निर्णयों से स्वतंत्र रूप से परमेश्वर की आज्ञा पालन करना चाहिए (यूहन्ना 21:22) उन विशेष स्थितियों पर चर्चा करें, अगर वे शांति के उदाहरण हैं या परमेश्वर की आज्ञा मानते हैं या यदि दोनों करने का कोई तरीका है।)

2. विनम्रता क्या है? (विनम्रता एक गुण है, जिसे मनुष्य, बिना दूसरों को कुछ बताए, अपनी योग्यताओं, गुणों और क्षमताओं को पहचानता और दूसरों की भलाई के लिए कार्य करने के लिए काम में लाता है। विनम्रता व्यक्ति को भरोसेमंद, लचीला और अनुकूल बनने में मदद करता है।) जितना अधिक एक व्यक्ति विनम्र बनता हैं, उतना ही वह दूसरों के दिलों में अपनी महानता को सुदृढ़ करता है।

3. सभी अच्छे लोग स्वर्ग जाते हैं, है न? (नहीं, परमेश्वर ने हमें स्वर्ग में प्रवेश करने के लिए कभी भी अच्छा बनने को नहीं कहा, बल्कि उसने हमें अपने हृदय को उसे देने को कहा है)।

4. क्या परमेश्वर नहीं चाहते कि हम धनवान बने? (बच्चों को इस पर चर्चा करने दें, फिर बताएं कि पैसा होना बुरा नहीं है। यह तब बुरा होता है जब आप इसे परमेश्वर के सामने प्राथमिकता के रूप में रखते हैं या जब आप केवल कुछ पाने के लिए परमेश्वर के पीछे चलने का चुनाव करते हैं। परमेश्वर इस बात को प्राथमिकता देते हैं कि हम स्वर्ग में धन को इकट्ठा करें, न कि इस पृथ्वी पर (कुलुस्सियों 3:2)।

5. यदि आप शिशु यीशु के पास गए होते, तो आप उसे क्या उपहार देते? (बच्चों द्वारा उनके उपहारों को बताने की अनुमति दें।)

पहेली जवाब 3

खेल 3

पंक्ति दर पंक्ति

इस खेल का उपयोग बच्चों को आयत याद करवाने के लिए करें। आयत को एक दो बार दोहराएँ जिससे वे पद से परिचित हो जाएं। 1, 2, 1, 2 इत्यादि की गिनती करके बच्चों को 2 समूहों में विभाजित करें और सभी 1 को एक तरफ जाने के लिए कहें और सभी 2 को कमरे की दूसरी तरफ जाने के लिए कहें।



समूहों को फिर एक एक करके याद किए हुए पद को सुनाने के लिए कहें, प्रत्येक समूह आयत से एक शब्द या वाक्यांश एक एक करके सुनाएँ। इसे सुनाने के बाद, 1 और 2 को फिर से गिनकर बच्चों को दो नए समूहों में विभाजित करें। नए समूह वैकल्पिक रूप (एक एक करके) पद को फिर से दोहराएं। ऐसा एक दो बार करने के बाद, दो स्वयंसेवकों को प्रत्येक समूह से एक को, पद के टुकड़ों को जोड़कर पढ़ने के लिए कहें जैसे पहले समूहों ने किया था। तब स्वयंसेवक बिना देखे पूरे पद को याद करने का प्रयास कर सकते हैं। तब तक खेलें और अभ्यास करते रहें जब तक सभी विद्यार्थी आयत को अच्छी तरह से याद न कर लें।

गृहकार्य 3

एक धन्यवाद नोट बनाएं और किसी को दें ताकि जो वे करते हैं उसके लिए उन्हें सम्मानित कर सके। किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचें जो यीशु की तरह, सम्मान की मांग नहीं करता है, फिर भी वे जितना प्राप्त करते हैं वे उससे अधिक का हकदार हैं। उदाहरणः मदद करने वाले, सड़क पर सफाई करने वाले, सफाई कर्मचारी, नर्स, आदि।

कठिन समय

04

यीशु का परिवार मिस्र को गया: मत्ती 2:13–23

नाटक (पहला भाग)

जांचकर्ता अपने टीम के साथियों को पिछले हफ्ते एक अप्रवासी परिवार के साथ अपनी यात्रा के बारे में बताती है कि कैसे वहां की संस्कृति ने उसे भ्रमित किया और उनकी कुछ टिप्पणियों ने उसकी भावनाओं को चोट पहुंचाया। अगुवा और एजेंट उसे प्रोत्साहित करने की कोशिश करते हैं कि नए दोस्त बनाना और अपने इलाके में परिवार का स्वागत करने में उनकी मदद करना अच्छी बात है। जांचकर्ता उनके साथ फिर वहां जाना नहीं चाहती है। उस चर्चा के बाद, वे समय के पीछे वापस जाने के लिए अपने मिशन को शुरू करते हैं और नन्हें यीशु को अपने परिवार के साथ कुछ समय के लिए मिस्र जाते देख सके।

पाठ 4

दूसरे किसी शहर या देश में जाना काफी कठिन और खर्चीला होता है, इसलिए आपको वहां जाने के लिए वास्तव में अच्छे कारण की ज़रूरत होती है। आपको एक नई नौकरी ढूंढनी होगी और अच्छी दुकाने ढूंढने होंगे और यह भी कि पानी कहां मिलेगा। यहां तक कि लोग कपड़े भी अलग तरह के पहनते हैं और अलग तरह से बात करते हैं। यह सुविधाजनक नहीं होता।

मत्ती 2:13–23 पढ़ें

इन दोनों यात्राओं के विषय में भविष्यवाणी पुराने भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा की गई थी और दोनों ने यह दिखाने में मदद की कि यीशु ही मसीहा थे।

लेकिन वापस इस्त्राएल जाना एक कठिन निर्णय था! मरियम और यूसुफ और उनके नए परिवार को वहां तिरस्कार और खतरे का सामना करना पड़ा था और उन्हें अब मिस्र में एक अच्छा जीवन मिल रहा था। मुझे वहां डर लगता, और वहां दूसरों पर भरोसा करना भी मेरे लिए मुश्किल होता। लेकिन परमेश्वर के एक स्वर्गदूत ने उन्हें बताया कि वे सुरक्षित है, इसलिए उन्होंने आज्ञा का पालन किया।

शायद मरियम और यूसुफ ने फिर से यहूदी समाज के अनुरूप नासरत में एक अच्छा नया घर बनाया होगा, नए दोस्त बनाए होंगे और नया काम मिल गया होगा।

हम हमेशा वहां जा सकते हैं जहां परमेश्वर हमसे जाने के लिए कहते हैं। वह नए दोस्तों और परिस्थितियों के साथ हमारे लिए जगह तैयार करता है और हम हमेशा भरोसा कर सकते हैं कि वह वही कर रहा है जो हमारे लिए सबसे उत्तम है और हमेशा हमारे साथ रहेगा।

हमें हमेशा उन लोगों के प्रति अच्छा बनने की कोशिश करनी चाहिए जो हमारे क्षेत्र में नए हैं। उनके दोस्त बनें, उन्हें आसपास की जगह दिखाएं और ऐसा महसूस करें कि हो सकता है वे विभिन्न पृष्ठभूमि और रीति–रिवाजों के साथ आते हैं, लेकिन यह ठीक है।

याद करने की आयत 4

इफिसियों 4:32 एक दूसरे के प्रति दयालु तथा सहृदय बनें। जिस तरह परमेश्वर ने मसीह में आप लोगों को क्षमा कर दिया, उसी तरह आप भी एक दूसरे को क्षमा करें।

नाटक (दूसरा भाग)

अपने अभियान से वापस आने पर, वे चर्चा करते हैं कि मिस्र में उस बड़े शहर में यीशु के परिवार का पीछा करना उनके लिए कितना मुश्किल था और यह उनके गृहनगर से कितना अलग था। कितना मुश्किल रहा होगा! और जब वे समय

में थोड़ा आगे बढ़े, तो उन्होंने देखा कि यीशु का परिवार अपने गृहनगर में उस तिरस्कार और खतरों को याद करते हुए वापस लौटे, जो मिस्र में जाने के दौरान उन्होंने अनुभव किया था। जांचकर्ता जान जाती है कि वे अप्रवासी परिवार भी शायद उसी तरह महसूस करते होंगे जैसे कि मिस्र में यीशु के परिवार ने महसूस किया था। शायद उनकी चोट पहुंचाने वाली टिप्पणियाँ उनकी संस्कृति में साधारण बात हो सकती है, और वह ऐसे किसी खतरे में नहीं थे जैसे कि यीशु था। वह उस अप्रवासी परिवार के साथ फिर से दोस्ती करने और उनके परिप्रेक्ष्य को समझने की कोशिश करने का फैसला करती है।

न्याय 4

कभी–कभी हमें दोस्तों या समूहों द्वारा तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। जब ऐसा होता है, तो क्षमा करना वास्तव में कठिन होता है। लेकिन कभी–कभी हमें उस रिश्ते को सुधारने या उस समूह में फिर से शामिल होने का मौका मिलता है। परमेश्वर की सहायता से, हम बिना किसी शिकायत के ऐसा कर सकते हैं।

जीवनी (टैक्सी ड्राईवर) 4

टैक्सी ड्राइवर समुदाय को एक महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करते हैं। टैक्सी ड्राइवर सेवा करने में ऐसे कौशल विकसित कर सकते हैं, जिसे यीशु उसके राज्य का आधार बताता हैं।

जिम्मेदारियां: हमेशा एक ऐसा संगठन होता है जो टैक्सी ड्राइवरों के लिए होता है या उनके लिए काम करता है। वे मूल्य निर्धारण के लिए दिशा निर्देश तय करते हैं, कहां से शुरू करना है, घंटे, आदि।

अवसर: टैक्सी ड्राइवर हमेशा लोगों के साथ मिलते जुलते रहते हैं। कुछ गरीब होते हैं, कुछ अमीर होते हैं। कुछ लोगों को आर्थिक ज़रूरतें होती हैं, कुछ की भावनात्मक जरूरतें भी होती हैं। एक ड्राइवर के रूप में, आप प्रत्येक व्यक्ति की बातों को सुनकर उनको वास्तव में क्या चाहिए, इसे जानने के लिए अपने हुनर को निखार सकते हैं, और यह भी कि आप अपनी जिम्मेदारियों के क्षेत्र में रहते हुए कैसे उनकी मदद कर सकते हैं।

प्रश्न और उत्तर 4



1. मुझे किसकी बात सुननी चाहिए? (पहले परमेश्वर की, फिर पृथ्वी पर अपने ऊपर नियुक्त अधिकारियों की)।
2. कोई एक कहानी बताएं जहां आपने अच्छी तरह से काम किया जिसने परमेश्वर और अन्य लोगों के साथ आपके रिश्ते को प्रभावित किया है। (छोटे–छोटे फैसलों के साथ काम करना जिन्हें हम हर दिन करते हैं। कई बार यह हमारे घमंड़ पर काबू पाने के विषय में होता है, इससे हमें भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में नियंत्रण प्रदान करता है।)
3. क्या आपने कभी किसी को उनके द्वारा आपके विरूद्ध किए गए किसी काम के लिए माफ किया है? आपको कैसा महसूस हुआ? (बच्चों को यह कहने दें कि वे कैसा महसूस करते हैं और उन्हें याद दिलायें कि परमेश्वर ने हमें क्षमा करने के लिए बुलाया है।)
4. आपको क्या लगता है कि मरियम और यूसुफ के लिए इस्त्राएल को छोड़कर मिस्र जाने में सबसे मुश्किल क्या था? (प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी बात को कहकर अपने दृष्टिकोण को बताने का अवसर दें)
5. आपको क्या लगता है कि यूसुफ का पसंदीदा पालतू जानवर क्या रहा होगा? (उन्हें आपस में साझा करने की अनुमति दें, और आप भी एक शिक्षक के रूप में उनके साथ भाग ले सकते हैं, उन्हें याद दिलाएं कि उस क्षेत्र में किस तरह के जानवर पाए जाते थे)।

पहेली जवाब 4

शब्द खोज

द	मा	यू	नि	मा	सु	द	यू	मा	ख	ना	मा	सु	र	क्षा	द	मि	मा
प	मि	ना	सु	ख	मि	ना	भ	यू	द	सु	नि	द	मि	ख	यू	ना	ख
रि	ख	यू	ख	त	रा	सु	वि	ना	यू	नि	र्ण	य	सु	मा	ना	यू	द
व	द	मा	सु	ना	मि	द	ष्य	मि	ख	ना	मि	द	नि	ख	स	ना	द
र्त	ख	यू	ना	मा	मा	ख	वा	मा	द	या	लु	सु	मा	यू	र	द	या
न	नि	स्त्र	ख	फी	या	मि	णी	यू	नि	द	मि	नि	सु	द	त	मि	लु
यू	द	मि	सु	मि	द	नि	ख	द	भ	वि	ष्य	द्व	क्ता	या	मा	ख	द
मा	ख	ख	मा	ना	द	मि	नि	मा	या	ना	या	ना	सु	मि	ना	या	मि
द	यू	सु	फ	यू	ख	ना	म	सी	हा	ख	सु	मा	ख	द	त्रा	या	मा



खेल 4

पत्तों की दौड़

प्रत्येक बच्चे को कुछ पौधों में से एक हल्का पत्ता और एक जूस पीने का स्ट्रॉ दें। बच्चों को समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को एक ऐसे क्षेत्र में जाने का संकेत दें जहाँ उन्हें अपने सभी पत्ते पाने की कोशिश करनी होगी। जब आप शुरू करने के लिए इशारा करते हैं, तब सभी खिलाड़ी पत्तों को हवा में फेंक देते हैं, और उन्हें अपने स्ट्रॉ की मदद से अपने सभी पत्ते अपने क्षेत्र में लाने की कोशिश करनी है। जो टीम अपने क्षेत्र में सबसे अधिक पत्ते लाती है वह जीत जाती है। (शायद सभी पत्तियां उनकी नहीं हैं, यदि वे कुछ विरोधी समूह के पत्तों को अपने क्षेत्र में ले आने में सफल होते हैं)।



गृहकार्य 4

किसी ऐसे व्यक्ति का पता लगाएं, जो हाल ही में नए स्थान पर गया हो और उनसे तब तक कुछ सवाल पूछें जब तक कि आपको यह पता न चले कि आप दोनों के बीच समान बातें कौन सी है? वह कौन सी चीज़े हैं जो आप दोनों को पसंद है। उन्हें आप अपने चर्च में आमंत्रित करें।

यीषु, एक विलक्षण बालक 05

मंदिर में यीशुः लूका 2:41–51

नाटक (पहला भाग)

एजेंट अपने संचार उपकरण के साथ खेल रहा है, और मजे के लिए उस पर की सभी सेटिंग्स को बदल रहा है। और जब टीम आज के अभियान के लिए इकट्ठा होती है, तो अगुवा सभी को अपनी सेटिंग्स ठीक करने को कहता है। एजेंट अभी भी ध्यान नहीं दे रहा है क्योंकि उसे लग रहा है कि सबकुछ उसके नियंत्रण में है और वह जाने के लिए तैयार है। जब अगुवा सवाल करता है, तो एजेंट रक्षात्मक हो जाता है और अगुवे की बात को ज्यादा ध्यान नहीं देता, उनको टोकता रहता है और बाधा पहुंचाता है। जैसे ही मशीन शुरू होती हैं, वे समय पर पीछे की ओर जाते हैं ताकि वे यीशु को मंदिर में एक 12 वर्षीय लड़के के रूप में देख सकें।

पाठ 5

एक बेटे के रूप में यीशु का होना वास्तव में काफी दिलचस्प रहा होगा!

लूका 2:41–51 को पढ़िए

उनके हैरानी और गर्व की कल्पना करें जब यूसुफ और मरियम ने अपने 12 वर्षीय बेटे यीशु को धार्मिक अगुवों के साथ बैठकर परमेश्वर की बातों पर चर्चा करते हुए पाया। सवालों के लिए उसके जवाब इतने बुद्धिमानी और व्यावहारिक थे कि वहां के बड़े– बुजुर्ग भी उसकी बात सुन रहे थे। और यीशु ने भी दूसरों की बात सुनी, वह यह भी सुनना चाहता था कि उन्हें इस बारे में क्या कहना था।

यह यीशु के बारे में बहुत कुछ बताता है। वह काफी जिम्मेदार था कि जब वह 12 साल का ही था तब भी उसके माता–पिता ने उस पर भरोसा किया। यीशु ने एक बच्चे के रूप में भी बहुत विश्वासयोग्यता और जिम्मेदारी दिखाई थी।

यीशु इतने आत्मविश्वास से भरा हुआ और साहसी था कि वह शिक्षित वयस्कों के साथ बैठकर उनसे बातें करता था, लेकिन साथ ही साथ इतना समझदार भी था कि बैठकर उनकी बातें सुनता भी था।

परमेश्वर अपने सभी बच्चों के माध्यम से काम करता है, जिसमें आप और मैं शामिल हैं! यहां तक कि, युवाओं में वयस्कों की तुलना में जीवन का एक अलग दृष्टिकोण होता है और परमेश्वर इसका उपयोग करना चाहते हैं। प्रेरित पौलुस ने तीमुथियुस को लिखी अपनी पत्री में कहा, ''कोई तेरी जवानी को तुच्छ न समझने पाए, पर वचन, और चाल चलन, और प्रेम, और विश्वास, और पवित्रता में विश्वासियों के लिये आदर्श बन जा'' (1 तीमुथियुस 4:12)।

जब आप अपनी बाइबल पढ़ते हैं, तो प्रार्थना करें और सुनें कि परमेश्वर आपसे क्या कह रहे हैं, वह आपको बाइबल में वे चीजें दिखायेंगे जो आपने पहले कभी नहीं देखी थीं। उनमें से कुछ चीजें केवल आपके लिए हो सकती हैं और कुछ दूसरों के साथ साझा करने के लिए होंगी।

जब हम लोगों के साथ बात कर रहे होते हैं, तो बात करना और उनकी बातें सुनना बहुत अच्छा लगता है। वास्तव में, भले ही बात करने से सुनना अधिक मुश्किल होता है, लेकिन ऐसा करना महत्वपूर्ण है। और जब हम बात करते हैं, अगर हम केवल महत्वपूर्ण बातें कहते हैं जिनके बारे में हम निश्चित हैं, तो अन्य लोग सुनेंगे।

याद करने की आयत 5

याकूब 1:19 मेरे प्रिय भाइयो और बहिनो! आप यह अच्छी तरह समझ लें। प्रत्येक व्यक्ति सुनने के लिए तत्पर रहे, किन्तु बोलने और क्रोध करने में देर करे

नाटक (दूसरा भाग)

मिशन से वापस आने के बाद, अगुवा एजेंट से बात करने के लिए उसे एक तरफ ले जाता है। उसके उपकरण पर की गई गलत सेटिंग्स ने उनके लिए एक साथ रहने की स्थिति का पता लगाना असंभव बना दिया था, और उनके उपकरण

पर की गई आवाज की सेटिंग्स ने मंदिर में काफी शोर किया था, जिससे समय यात्रियों के लिए एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई थी। वे लगभग पूरी तरह से अपने अभियान में विफल होने वाले थे। एजेंट स्वीकार करता है कि वह गलत था और कहता है कि वह अगली बार उनकी बात ज़रूर सुनेंगे।

न्याय 5

यीशु ने सिखाया, लेकिन उसने सुना भी। दूसरों को सुनना काफी महत्वपूर्ण होता है! हम सुनने के द्वारा कुछ सीख भी सकते हैं, और इससे दूसरे व्यक्ति को अच्छा महसूस होता है।

जीवनी (शिक्षक) 5

शिक्षकों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। परमेश्वर द्वारा उनका उपयोग लोगों को प्रशिक्षित करने और मार्गदर्शन देने के लिए किया जाता है। कभी–कभी हम सोचते हैं कि जो शिक्षक मसीही नहीं हैं, वे उतने अच्छे नहीं होते, लेकिन परमेश्वर सभी लोगों से प्यार करते हैं और वह किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करेंगे जो वास्तव में उन लोगों की परवाह करता है जिनसे वह प्यार करता है। नीकुदेमुस ने पहचान लिया था कि यीशु परमेश्वर की ओर से भेजा गया शिक्षक था (यूहन्ना 3:2)।

जिम्मेदारियां: शिक्षक भी निश्चित रूप से अपने नियुक्त करने वालों और प्रबंधकों के अधिकार के आधीन होते हैं, और उनके दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। लेकिन उन्हें अपने शिक्षण कौशल और उन विषयों के ज्ञान में सुधार करना चाहिए जो उनकी जिम्मेदारी में है। जिसमें लोगों के बारे में अधिक जानना और वे कैसे व्यवहार करते हैं आदि शामिल हैं। उन्हें यह भी पता होना चाहिए कि समाज कैसे बदल रहा है और विद्यार्थियों के साथ बेहतर जुड़ने के लिए अपनी शिक्षण शैलियों को उनके अनुकूल बनाना चाहिए ।

अवसर: शिक्षकों को हमेशा अपने कौशल में सुधार करना चाहिए, और वे व्यक्तिगत रूप से इससे लाभ पाते हैं। उन्हें जीवन को आकार भी देना होता है– उनके विद्यार्थी इस बात पर निर्भर करते हैं कि वे क्या सिखाते हैं ताकि भविष्य में सफल होने के लिए आवश्यक निर्णय लेने और ज्ञान के आधार का निर्माण कर सके। शिक्षक उन प्रतिभाओं पर भी नज़र रख सकते हैं जो एक विद्यार्थी के पास है और उन्हें उस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक अच्छा शिक्षक लोगों और उनकी आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करता है।

प्रश्न और उत्तर 5

1. दूसरों को प्रोत्साहित करना किस तरह से प्यार को दिखाता है? (विद्यार्थी से उनकी राय को साबित करने के लिए वास्तविक उदाहरण देने को कहें।)

2. क्या आप कोई ऐसी घटना याद कर सकते हैं, जहाँ आपने किसी और को वह काम करने दिया जो वह चाहता था, वह नहीं जैसा आप चाहते थे। (दूसरों को जीतने देना हम मनुष्यों के लिए काफी मुश्किल होता है। अपने विद्यार्थियों को अपनी पुरानी कहानियां भी बांटने दें जहां उन्होंने किसी और को ऐसा कुछ करने दिया जो वे चाहते थे। दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने कभी दूसरों को जीतने नहीं दिया। चर्चा करें कि जब हम दूसरों को जीतने की अनुमति नहीं देते तो यह कितना भयानक होता हैं और परमेश्वर कैसे चाहते हैं कि हम सभी के साथ शांति से रहें।)

3. आपने स्कूल में अपनी कक्षा में अपमान, तिरस्कार या गिरावट के कौन से मामले देखे हैं? (उनके बीच विभिन्न मामलों के बारे में चर्चा को बढ़ावा दें जो उन्होंने देखा है, और यह भी कि यह क्यों अच्छा नहीं है, और इसे प्राप्त करने वाले व्यक्ति को चोट पहुँचाता है।)

4. आप ऐसा क्या कर सकते हैं जो कोई और नहीं कर सकता? (बच्चों को यह बताने के लिए कहें कि क्या चीजें दूसरे बच्चों को 'नहीं' बना सकती हैं, उदाहरण के लिए: सार्वजनिक रूप से बोलना, ऊंची कूद, गीत गाना, आदि। उन्हें याद दिलाएं कि परमेश्वर ने हरेक को एक विशेष प्रतिभा दी है।)

5. अगर आपने यीशु को परमेश्वर की बातों पर चर्चा करते हुए एक बच्चे के रूप में देखा होता तो आप क्या सोचते? (बच्चों द्वारा दिए जाने वाले उत्तरों को सुनें)

पहेली जवाब 5

शब्द खोज

बा	सु	य	सु	न	ना	मं	वि	खो	सु	बा	वि	शी
वि	खो	अ	मं	वि	खो	य	सु	मं	धी	अ	खो	घ
मं	अ	सु	बा	शि	क्ष	क	अ	अ	रे	मं	सु	वि
बो	लो	स	वि	स	सु	शि	य	सु	शि	बा	य	बा
खो	वि	मं	बा	य	बा	खो	अ	स	मं	च	र्चा	खो
य	अ	ब	च्चा	वि	स	ग	य	सु	अ	शि	वि	वि
रू	खो	सु	बा	मं	सु	या	स	अ	शि	खो	सु	श्वा
श	अ	वि	अ	गु	वे	अ	शि	खो	सु	ज	बा	स
ले	बा	खो	बा	सु	खो	य	सं	दि	र	मं	वि	य
सु	मं	सु	अ	वि	बा	सु	मं	बा	वि	सु	अ	खो
वि	बा	इ	ब	ल	अ	वि	य	सु	मं	स	वा	ल





खेल 5

प्याला

बच्चों को 2 या अधिक टीमों में बांटें। प्रत्येक टीम को एक पंक्ति में 6 कप दें: 5 पानी से भरे हुए और 1 खाली। प्रत्येक समूह के पास स्टायरोफोम बॉल्स (पॉलीस्टाइन, थर्मोकोल की छोटी गेंदें या ऐसा कुछ जो बहुत हल्के वजन का हो जो तैरता है) भी होता है। पानी से भरे पहले प्याले में थर्मोकोल की गेंद रखें। बच्चे को एक प्याले से दूसरे प्याले तक गेंद को उड़ाना होगा जब तक कि वह खाली प्याले में भर नहीं जाता। फिर अगले खिलाड़ी की बारी होती है। जो टीम अपनी सभी गेंदों को प्याले में डालती हैं वह जीत जाती है।





गृहकार्य 5

जो आपने अभी सुना है उसे अपने शब्दों में सुनने और दोबारा बोलेने का अभ्यास करें। सबसे पहले, जोर से बाइबल की एक आयत पढ़िए और इस बात को महसूस करें कि परमेश्वर आपसे इसमें से बात कर रहे है, फिर उस बात को बोलें जो वह इसमें से चाहते हैं। दूसरा, परिवार के किसी सदस्य की बात ध्यान से सुनें और जो आपने सुना उसे उनको बताएं और पता लगाएं कि आपने जो सुना है क्या उनका तात्पर्य यही था।

एक शानदार शुरुआत

06

यीशु का बपतिस्माः मत्ती 3:13–17

नाटक (पहला भाग)

एजेंट टाइम मशीन के तकनीक के बारे में थोड़ा सीख रहा है और अब बहुत जल्दी सीख रहा है। जल्द ही, उसे उस मशीन को शुरू करने का एक शॉर्टकट तरीका मिल जाता हैं, और यह दावा करता है कि वे हर मिशन पर काफी समय बचा सकते हैं यदि वे ईंधन बचाने और कुछ सेटिंग्स में शॉर्टकट लेते हैं। आज मुख्य मैकेनिक छुट्टी पर चला गया है, और अगुवा उस मशीन को चला रहा है, लेकिन एजेंट अपने में मस्त रहता है और अपनी नए तरकीब के अनुसार कोशिश कर रहा है। हालांकि अगुवा थोड़ा नाराज़ होता है लेकिन वह ध्यान देता है कि यह तरकीब काम कर रही है, और फिर वे अपने अभियान पर चले जाते हैं।

पाठ 6

यीशु अब एक युवा व्यक्ति है और अब अपनी सार्वजनिक सेवकाई शुरू करने के लिए तैयार हो रहा है। वह चीजों को सही तरीके से करना चाहता था, इसलिए उसने यूहन्ना बपतिस्मादाता के पास जाता है, जिसे परमेश्वर की ओर से एक भविष्यद्वक्ता के रूप में पहचान मिली थी। शायद यूहन्ना ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति था जो उस समय वास्तव में समझ गया था कि यीशु कौन था, और यीशु यूहन्ना द्वारा बपतिस्मा लेना चाहता था। बपतिस्मा एक सार्वजनिक समारोह होता है जो किसी व्यक्ति के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है।

मत्ती 3:11–17 पढ़ें

वाह, क्या दिन है! यीशु को परमेश्वर के पुत्र के रूप में गवाही दी गई और परमेश्वर ने कहा कि वह यीशु से बहुत प्रसन्न थे! क्या यह सुनने में बहुत अच्छा नहीं लगा होगा!

यह एक शानदार कहानी है। यीशु को मनुष्यों के गवाही की आवश्यकता नहीं थी, यहां तक कि यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले जैसे भविष्यद्वक्ताओं की भी लेकिन यीशु ने सभी कदम उठाने का चुनाव किया। और परिणाम बहुत ही नाटकीय थे। स्वयं परमेश्वर ने सार्वजनिक रूप से गवाही दी कि यीशु परमेश्वर थे और परमेश्वर का कार्य कर रहे थे।

हमें भी सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। यीशु से उद्धार पाने के लिए प्रार्थना करना, बपतिस्मा के लिए अपने आप को समर्पित करना, प्रशिक्षण प्राप्त करना, अपने शिक्षकों और पादरियों के अधीनता में काम करना और दूसरों से सीखना। परमेश्वर हमारे जीवन में इन सभी चीजों का उपयोग हमारे आसपास के लोगों की मदद करने के लिए करेंगे।

याद करने की आयत 6

इब्रानियों 13:17 आपके धर्मनेताओं को रात-दिन आपकी आध्यात्मिक भलाई की चिन्ता रहती है, क्योंकि वे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसलिए आप लोग उनका आज्ञापालन करें और उनके अधीन रहें, जिससे वे अपना कर्त्तव्य आनन्द के साथ, न कि आहें भरते हुए, पूरा कर सकें; क्योंकि इस से आप को कोई लाभ नहीं होगा।

नाटक (दूसरा भाग)

अपने अभियान से वापस आने के बाद, टीम के सभी सदस्यों के बाल बिखरे हुए थे और कपड़ो पर धूल और मैल लगा हुआ था। वे पिछले चार दिनों से बीच में कहीं फंस गए थे क्योंकि समय में पीछे की ओर जाने के दौरान उनकी मशीन का एक हिस्सा खराब हो गया था जिसे वे ठीक करने की कोशिश कर रहे थे। मशीन पर शार्टकट की वजह से जाने के कारण उनका काफी समय बर्बाद हो गया था और लगभग वे इसे ठीक नहीं कर पा रहे थे। बहुत थके होने के बावजूद, वे अब खुश थे कि वे वापस अपने घर जा सकते थे और आराम कर सकते थे।

न्याय 6

कभी–कभी आसान रास्ते को चुनने का लालच होता है। लेकिन सभी कदम उठाने और इस प्रक्रिया में अन्य लोगों को भी शामिल करना काफी बेहतर होता है।

जीवनी (कलीसिया के गायक) 6



एक चर्च का गायक संगीत सीखने, उसे अच्छी तरह से प्रस्तुत करने की कोशिश करता है और कलीसिया में लोगों को एक अच्छी आराधना का अनुभव प्रदान करने में मदद करता है। बाइबल में अलग–अलग समय पर, आराधना समूह ने पूरे दिन और पूरी रात आराधना का नेतृत्व किया। एक अन्य समय में, आराधना टीम ने एक युद्ध में नेतृत्व किया, और दुश्मन की सारी सेना केवल आराधना से ही हार गयी! (2 इतिहास 20:14–25)

जिम्मेदारियां: चर्च के गायक पास्टर या आराधना को अगुवाई देने वाले के निर्देशों का पालन करते हैं। समय पर तैयार होना बहुत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें वाद्ययंत्रों में सही तालमेल और सफाई होनी चाहिए और/ या अपनी आवाज को गाने के लिए तैयार रखें।

अवसर: अपने वाद्ययंत्र पर अपने कौशल का विकास करने से आपको कम ही समय नोट्स और धुन को परिवर्तन करने के बारे में चिंता करने में लगेगा, और अधिक समय आपके साथी गायकों और आराधना करने वाले लोगों के बारे में सोचने को मिलेगां। आप न केवल यह देखेंगे कि क्या वे संगीत पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, बल्कि यह भी कि विशेष रूप से किसे प्रार्थना की आवश्यकता है; हो सकता है कोई भारी मन से वहां आया हो, शायद परमेश्वर के आत्मा द्वारा प्रेरित किया जा रहा है, आदि। इन स्थितियों में आपकी प्रार्थना एक बहुत बड़ा अंतर लाएगा।

प्रश्न और उत्तर 6

1. क्या हो अगर परमेश्वर की आज्ञा न मानना मुझे लोकप्रिय या फैशनेबल बनाता है? (इस तरह की विभिन्न स्थितियों के बारे में बात करें। अपने विद्यार्थी को यह पहचानने में मदद करें कि कई बार ऐसा होगा जब उन्हें परमेश्वर की आज्ञा मानने और लोकप्रिय होने के बीच फैसला करना होगा)।

2. आप यीशु मसीह को क्या बहाना देंगे जो आपको उसकी आवाज का पालन करने की अनुमति नहीं देता है? क्या शायद यह कि आपके पास प्रचार करने की कोई प्रतिभा नहीं है, कि आप एक महिला हैं, कि आपके परिवार में केवल आप ही एकमात्र मसीही हैं? (बाइबल में, आप ऐसे पात्रों को पा सकते हैं, जिन्होंने परमेश्वर की आज्ञा न मानने का बहाना बनाया, लेकिन याद रखें, चाहे हमारे पास कोई भी योग्यता न हो या थोड़े ही हो, यीशु मसीह कभी नहीं चाहते कि आपको इस्तेमाल करने के लिए आप अपने जीवन में सिद्ध हो वह आज्ञाकारिता चाहता है।)

3. हम परमेश्वर को कैसे प्रसन्न कर सकते हैं? (उसे हमारा हृदय देने के द्वारा, उसकी आज्ञा मानने और उसके साथ समय बिताने और लोगों से प्यार करने के द्वारा)।

4. कुछ ऐसा बतायें जिसमें आप अपने ऊपर नियुक्त अधिकारी (जैसे परमेश्वर, माता–पिता, शिक्षक, आदि) के आज्ञाकारी रहे हैं।

5. क्या आपको लगता है कि यीशु ही वह सबसे अच्छा उदाहरण है जिसके द्वारा हमारे पास एक ऐसा जीवन हो सकता है जो परमेश्वर को प्रसन्न करता है और क्यों? (बच्चों के विचारों को सुनें और अंत में उन्हें बताएं कि यह इसलिए है क्योंकि वह परमेश्वर का पुत्र है जो हर चीज में सिद्ध है और उसमें कोई पाप नहीं है।)

पहेली जवाब 6

शब्द खोज

यू	सा	र्व	ज	नि	क्र	भ	भ	वि	ष्य	द्व	क्ता	य	यू
ग	ग	य	यू	द	ब	यू	ग	भ	सा	ग	यू	भ	ये
वा	प	षा	नी	भ	द	ब	प्र	द	आ	वा	ज	प्र	र
ही	भ	द	ग	प्र	आ	प	सा	आ	ब	भ	ग	य	द
यू	य	म	द	द	पी	ति	यू	ज्ञा	प्र	यू	षी	द	न
ग	सा	भ	प	यू	ब	स्मा	प	पा	सा	ग	छे	भ	न
य	प्र	द	सा	ग	प	पी	ग	ल	प	प्र	च	यू	दी
यू	द	प्र	प	र	मे	श्व	र	न	भ	आ	ल	आ	भ
द	र्श	भ	द	यू	य	द	यू	ब	पी	ब	ना	द	य
प्र	न	सा	द	या	लु	ता	प	य	प्र	यू	ग	भ	प्र
भ	य	यू	ब	भ	पी	यू	सा	भ	द	पी	य	सा	यू
ग	यी	शु	सा	द	ता	दा	स्मा	ति	प	ब	न्ना	ह	यू



खेल 6

यहाँ हमारे बीच में

इस खेल के लिए आप गुब्बारे, मध्यम आकार के गुब्बारे, या कागज की गेंदों का उपयोग कर सकते हैं।

बच्चों को इधर उधर बिखरने को कहें और फिर उन्हें अपनी आँखें बंद करके घूमते हुए चलना होगा। पहला बच्चा जिसे वे छूते हैं, उसे पकड़े रहें, और वह उनका खेल में नया साथी होगा। सूचनाः सुनिश्चित करें कि मिलने वाले जोड़ों का कद एक समान हो। शुरू करने और समाप्त करने की रेखाओं को चिह्नित करें, प्रत्येक जोड़ी को एक फुला हुआ गुब्बारा या गेंद दें। उन्हें गेंद को पेट की ऊंचाई तक रखना है, और उस पर दबाव डालकर उसे पकड़े रखना है। फिर अपने हाथों का उपयोग किए बिना वे एक दूसरे के चारों ओर घूमते हैं, गेंद को गिराए बिना या गुब्बारे को तोड़े बिना समाप्ति रेखा पर जाते हैं।



गृहकार्य 6

आपको जो अगला कदम उठाने की आवश्यकता है उसपर गोला लगायें: यीशु से उद्धार पाने के लिए प्रार्थना करना, बपतिस्मा के लिए अपने आप को समर्पित करना, प्रशिक्षण प्राप्त करना, अपने शिक्षक और पास्टर के अधीन काम करना, बिना देरी किए अपने माता–पिता की आज्ञा को मानना, दूसरों से सीखना। अगले हफ्ते उस अगले कदम पर कार्य करना शुरू करें।

टीम की नियुक्ति

07

यीशु ने 12 चेलों को बुलायाः मत्ती 4:18–22, यूहन्ना 1:35–50

नाटक (पहला भाग)

जब एजेंट भर्ती हुआ था तो वह एक मसीही नहीं था। यीशु के जीवन को देखने और न्याय टीम के साथ समय बिताना उसे भी मसीही बनने के लिए प्रेरित कर रहा था। यह दिखाने के लिए कि वह भी यीशु के पीछे चल रहा है, उसने एक हैट (कागज से एक मजेदार दिखने वाली टोपी) पहनने का फैसला करता है। वह अपने साथियों में ''पापों'' को दिखाना शुरू कर देता है, अजीब चीजें जैसे वे कैसे चलते हैं या छींकते हैं। अगुवा उसे एक तरफ खींच ले जाता है और जान जाता है कि एजेंट यीशु के पीछे चलने का इरादा रखता है लेकिन यह नहीं जानता कि कैसे करें। वे तैयारी करते हैं और उस दिन के अपने मिशन को जाने की तैयारी करते और जाते हैं।

पाठ 7

यीशु चाहता था कि उसके पास लोगों का एक छोटा समूह हो जिसे वह सिखा सके और जो बाद में दूसरों को बता सके कि उसने पृथ्वी पर रहते हुए क्या किया था। यीशु ने बस कुछ लोगों को उसके पीछे चलने के लिए कहा और उन्होंने ऐसा ही किया।

मत्ती 4:18–22 और यूहन्ना 1:35–50 को पढ़िए

मत्ती एक चुंगी इकट्ठा करने वाले के रूप में काम करता था जब उसने यीशु की बुलाहट के प्रति प्रतिक्रिया की और उसके पीछे चला।

यीशु ने 12 पुरूषों को बुलाया, जिन्होंने उसके पीछे चलने का निर्णय लिया। ये कोई प्रसिद्ध, लोकप्रिय, समृद्ध, शक्तिशाली या शिक्षित पुरुष नहीं थे। वे खास रूप से कोई वफादार या साहसी पुरुष भी नहीं थे। उनमें से ज्यादातर साधारण मछुवे थे। उनमें से कोई भी धार्मिक अगुवा नहीं थे। लेकिन जब यीशु ने उनसे कहा तो वे उसके पीछे चल पड़े।

यीशु ने कभी उनसे यह माँग नहीं की कि वे पाप रहित हों या कोई परीक्षा पास करें या कोई वादा करें। यीशु ने उन्हें केवल पीछे चलने के लिए कहा ताकि जो कुछ वह करता है उसे देखकर वे उसे अच्छी तरह पहचान सके।

यहूदा को छोड़कर सभी ने अपने पूरा जीवन यीशु के पीछे चलते रहे। फिर उन्होंने अन्य लोगों को उसकी मृत्यु और पुनरुत्थान के बाद यीशु के जीवन के बारे में बताया। वे इतने आश्वस्त थे कि यीशु ही परमेश्वर है और वे उसके लिए मरने को भी तैयार थे, और लगभग सभी ने ऐसा ही किया।

यही यीशु सभी लोगों को करने के लिए कहता हैः बस इतना करना है कि वे यीशु के पीछे चलें और देखें कि वह क्या करता है। यह यीशु को जानने और उसके साथ समय बिताने की एक बुलाहट है।

क्या आप उस समूह का हिस्सा हैं जो यीशु के पीछे चलते हैं? यीशु चाहते हैं कि आप उनके समूह का हिस्सा बनें। क्या यह रोमांचक नहीं है !!!

याद करने की आयत 7

यूहन्ना 8:12 येशु ने लोगों से फिर कहा, "संसार की ज्योति मैं हूँ। जो मेरा अनुसरण करता है, वह अन्धकार में कभी नहीं चलेगा वरन् वह जीवन की ज्योति प्राप्त करेगा।

नाटक (दूसरा भाग)

मिशन से वापस आने के बाद, वे चर्चा करते हैं कि कैसे वे सभी शिष्य साधारण मनुष्य थे और यीशु ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं कहा कि वे उनके पीछे आने से पहले अपने बारे में कुछ भी बदलें, सिवाय अपने पुराने जीवन को पीछे छोड़ने के। यीशु को अपना जीवन देने के लिए टीम एजेंट को प्रार्थना में अगुवाई करती है। वे उसे प्रोत्साहित करते हैं कि यीशु उसके हृदय पर काम करेगा, और उसे समय के साथ साथ अंदर से पूरी तरह बदल देगा।

न्याय 7

समूहों में जीना बेहतर होता है। यदि कोई व्यक्ति आवश्यक रूप से अच्छा या ठीक नहीं दिखता है तो भी चिंता न करें। हालाँकि हम भी कोई बहुत अच्छे नहीं हैं, फिर भी यीशु ने उसके समूह में हमें शामिल किया है। हम भी दूसरों के लिए ऐसा कर सकते हैं।

जीवनी (पास्टर) 7

एक पास्टर का प्राथमिक काम अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल करना है (1 तीमुथियुस 3:1–7)। कलीसिया के बारे में, वह बाइबल और दूसरी किताबों का अध्ययन जारी रखने के लिए जिम्मेदार होता है जो उसे एक बेहतर पास्टर बनने, संदेश तैयार करने और अपनी मंडली को आत्मिक परिपक्वता की ओर ले जाने में अगुवाई देने के लिए प्रशिक्षित करती हैं।

जिम्मेदारियाँः अपने परिवार का ध्यान रखें, स्थानीय राजनीति आदि से अपने आप को दूर रखें और अपनी मण्डली को समर्पित करने के लिए पर्याप्त समय दें (2 तीमुथियुस 2:4) और साथ ही अपनी कलीसिया के आत्मिक विकास पर भी नजर बनाए रखें। परमेश्वर ने उसे कलीसिया में नियुक्त किया है (इफिसियों 4:11–12) और उसे उस जिम्मेदारी को स्वीकार करना चाहिए।

अवसरः एक पास्टर के पास चर्च में विभिन्न कार्यों के लिए लोगों को प्रशिक्षित करने का अवसर होता है। वे कलीसिया की सेवकाई के विभिन्न पहलुओं को संभाल सकते हैं। जिस तरह कोई भी पौधा सही वातावरण में विकसित होता है, उसी तरह एक चर्च भी होता है। साथ ही, वह ऐसे लोगों पर भी नजर रख सकता है, जिन्हें परमेश्वर के द्वारा सेवकाई के अन्य पहलुओं को करने के लिए बुलाया गया है। इफिसियों 4:11–12 में प्रेरितों, भविष्यद्वक्ताओं, सुसमाचार प्रचारकों, पादरियों और शिक्षकों के बारे में बात की गई है। एक पास्टर सबसे अच्छा सुसमाचारक नहीं है, इसलिए जिसे सुसमाचारक के रूप में परमेश्वर ने कलीसिया में भेजा है उसे पहचानना चर्च की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। एक पास्टर सबसे अच्छा प्रेरित नहीं होता है, इसलिए ऐसे किसी को पहचानना और नए चर्च शुरू करने के लिए उसे जिम्मेदारी देना विकास की एक और कुंजी है। और साथ ही पास्टर ''बुरे लोगों'' को भी पहचान सकता है जो स्वयं को वहां सम्मिलित करने की कोशिश करते हैं, जहां से उनका कोई लेना देना नहीं हैं। अच्छा चरवाहा अपनी भेड़ों की रक्षा करता है।



प्रश्न और उत्तर 7

1. क्या परमेश्वर मजबूत लोगों को या कमजोर लोगों का इस्तेमाल करना पसंद करता है? (सामान्य तौर पर, परमेश्वर अपनी सामर्थ को दिखाने के लिए कमजोर लोगों का उपयोग करना पसंद करते हैं। जितना अधिक हमारे पास आत्मिक घमंड होगा, उतनी ही कम संभावना है कि परमेश्वर हमारा उपयोग करेंगे।)

2. परमेश्वर की सेवा करने के लिए आपके पास कौन–कौन सी प्रतिभाएँ हो सकती हैं? (अपने विद्यार्थी को विभिन्न प्रतिभाओं और कौशलों पर चर्चा करने और साझा करने के लिए कुछ समय दें। विद्यार्थी को एक–दूसरे पर हँसने न दें या जो कुछ बोला जा रहा है उसका मजाक न उड़ाएँ। प्रत्येक विद्यार्थी को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करें।)

3. क्या अकेले काम करने से एक टीम में काम करना बेहतर है? (जब बच्चे अपनी राय दे दें, तो कुछ कह सकते हैं कि वे अकेले हैं, लेकिन आप बच्चों को दिखा सकते हैं कि एक टीम के रूप में काम करने से अधिक लाभ होते हैं जैसे बेहतर परिणाम, विभिन्न प्रकार के विचार, वे एक–दूसरे को प्रेरित कर सकते हैं, आदि)

4. क्या आपको लगता है कि यीशु के शिष्यों के बीच मजेदार पल भी थे या उनके बीच सब कुछ बहुत गंभीर था? (उन्हें बताएं कि यीशु उनका दोस्त था और हमारे जैसे दोस्तों के साथ होता है, वहां भी विश्वास था। शायद उन्होंने कुछ चुटकुले सुनाए होंगे या उन अजीब चीजों के बारे में बात की होगी जो उनके साथ हुई थीं।

5. वे 12 शिष्य कौन थे? (शिमौन पतरस, अंद्रियास, याकूब, यूहन्ना, फिलिप्पुस, बरतुल्मै, थोमा, मत्ती, हलफई का पुत्र याकूब, तद्दै, शमौन कनानी और यहूदा इस्करियोती।)

पहेली जवाब 7

शब्द खोज

जी	आ	रो	वि	जी	स	रो	शा	आ	मं	त्र	ण	वि	रो	आ	जी
रो	बा	थी	स	रो	बो	बा	रो	चुं	वि	स	आ	रो	शा	स	दी
शा	आ	अ	शु	आ	र	चुं	जी	अ	गी	स	म	स	शा	वि	स्त
स	से	वि	स	वि	ह	जी	व	आ	वि	ले	बा	त्ती	बा	जी	शा
रो	वा	अ	रो	शा	रो	बा	त	शा	शा	स	ने	चुं	वि	चे	रो
बा	जी	शा	आ	चुं	अ	वि	रो	बा	चुं	मि	अ	वा	ले	स	वि
रो	आ	चुं	नी	वि	शा	तु	स	आ	रो	शा	ले	अ	ला	शा	से
जी	अ	श	शा	अ	आ	बो	या	अ	वि	शा	रो	जी	वि	रो	मु
स	रो	जी	स	पै	म	अ	चुं	यी	जी	बा	आ	स	शा	स	ह
आ	शा	रो	बा	वि	बा	रो	वि	स	वि	श्वा	स	यो	ग्य	रो	आ





खेल 7



पिंग पोंग

एक बच्चा आयत का पहला शब्द कहता है, दूसरा बच्चा दूसरा शब्द कहता है, और इसी तरह से होता है। बच्चे जोड़े या समहों में खेल सकते हैं।



गृहकार्य 7

किसी को अपने उन मसीही मित्रों के समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें जो यीशु के बारे में अधिक सीख रहा है जो उसने कहा और किया था। एक तरीका यह है कि उसे अपने साथ अपनी कलीसिया में लेकर जाएं।

यीशु प्रदान करता है

08

पानी को दाखरस बनानाः यूहन्ना 2:1–11

नाटक (पहला भाग)

एजेंट अब भी काफी उत्साहित है कि उसने पिछले हफ्ते यीशु मसीह को ग्रहण किया था। वह रविवार को पहली बार चर्च में गया, और सभी ने उसे अगले हफ्ते भी चर्च में वापस बुलाया। यहाँ न्याय टीम के मुख्यालय में, वह टीम से उसके बारे में बात करता है, जो चर्च में उसने सीखा थाः कलीसिया में लगातार आते रहना, रोज़ उस बाइबल को पढ़ना जो उन्होंने उसे दी थी, और परमेश्वर से प्रार्थना करना। इन सभी नई चीजों के बारे में उत्साहित होने के बावजूद, वह टीम से पूछता है कि क्या यही वह सब है जो परमेश्वर चाहते हैं। उस बात का पता लगाने के लिए कि यीशु ने इसके बारे में क्या सिखाया और किया, वे समय में पीछे वापस जाने का फैसला करते हैं।

पाठ 8

यीशु, मरियम और सभी शिष्य एक पार्टी में थे और वहां पर कुछ सामान कम पड़ गये थे। यीशु की माँ मरियम ने उस समस्या को देखा और उसे पता था कि मदद के लिए किसके पास जाना है। उसने यीशु को पुकारा।

यूहन्ना 2:1–11 को पढ़िए

यह जानना काफी आश्चर्य की बात है कि मरियम समझ गई थी कि यीशु समस्या के बारे में कुछ कर सकता है और उसे विश्वास था कि वह कुछ अवश्य करेगा।

यह कितनी अच्छी बात है कि सेवकों ने यीशु की बात मानी और घड़ों को ऊपर तक पूरी तरह से भर दिया, न केवल लगभग पूरा, बल्कि उन्होंने इतना पानी भर दिया जितना वे भर सकते थे! वे आलसी हो सकते थे और चाहे तो केवल घड़े के आधे या तीन चौथाई भर सकते थे, लेकिन इसके बजाय उन्होंने यीशु के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जितना वे कर सकते थे। साथ ही, उनमें इस बात को जानने के बाद भी कि वह दाखरस कहां से आया था, उसे मुख्य सेवक के पास ले जाने का साहस भी हुआ।

हमें भी इसी तरह से यीशु की बातें माननी चाहिए। हम उससे अपने जीवन में और हमारे आसपास के लोगों के जीवन में काम करने की अपेक्षा कर सकते हैं। हमें जहां तक हो सके, आलसी हुए बिना या कुछ भी अपने पास रखे बिना, पूरी तरह से आज्ञा पालन करने की ज़रूरत है। और हमें यह भी विश्वास होना चाहिए कि जो कुछ यीशु प्रदान करता है वह सबसे उत्तम होता है।

क्या आपको कभी किसी चीज़ की जरूरत पड़ी थी, और कोई भी मदद करने को तैयार नहीं था? या किसी ने मदद की थी, लेकिन बिल्कुल कम स्तर पर किया हो? या, क्या आपको कभी वास्तविक जरूरत पड़ी थी, और किसी ने वास्तव में आपकी जरूरत से ज्यादा किया था? तब कितना अच्छा लगता है जब कोई इस तरह उदारता से हमारी मदद करता है! यही यीशु का प्रदान करने का तरीका है!! लूका 6:38 में, यीशु कहता है, "दिया करो, तो तुम्हें भी दिया जाएगा, लोग पूरा नाप दबा दबाकर और हिला हिलाकर और उभरता हुआ तुम्हारी गोद में डालेंगे, क्योंकि जिस नाप से तुम नापते हो, उसी से तुम्हारे लिये भी नापा जाएगा।" इसी तरह हमें जीना चाहिए।

याद करने की आयत 8

लूका 6:38 दो तो तुम्हें भी दिया जाएगा। दबा-दबा कर, हिला-हिला कर भरी हुई, ऊपर उठी हुई, पूरी-की-पूरी नाप तुम्हारी गोद में डाली जाएगी; क्योंकि जिस नाप से तुम नापते हो, उसी नाप से तुम्हारे लिए भी नापा जाएगा।

नाटक (दूसरा भाग)

अपने मिशन से वापस आने के बाद, टीम ने बड़े रोमांच के साथ इस बात की चर्चा की कि कैसे मटकों में एक पल पहले केवल पानी भरा था और अगले ही पल वह दाखरस में बदल गया। एजेंट और टीम के सदस्य उन सेवकों द्वारा उन मटकों को बिल्कुल ऊपर तक भरने के बारे में बात करते हैं। और अब वे इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उन्हें न केवल रविवार को या प्रार्थना के समय में ही यीशु की आज्ञा माननी चाहिए, बल्कि अपने जीवन का हर एक पल परमेश्वर को देने की पूरी कोशिश करनी चाहिए, यह भी कि जिस तरह से दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं और जो निर्णय वे लेते हैं, उन सब में वे उन सभी बातों को अमल में लाएंगे जो उन्होंने सीखा है। हालांकि वे हमेशा यह नहीं जानते कि इसका क्या तात्पर्य है, लेकिन टीम के सभी सदस्यों ने नियमित रूप से बाइबल पढ़ने और चर्च में जाकर वे सबकुछ सीखने के लिए अपने आप को समर्पित किया जो वे सीख सकते हैं और इसके लिए भी कि कैसे अपने संपूर्ण जीवन को पूरी तरह से परमेश्वर को अर्पित करना है।

न्याय 8

परमेश्वर लोगों की मदद करने के लिए हमारा उपयोग करना चाहते हैं। जब हम आज्ञाकारी और उदार होते हैं, तो परमेश्वर उस चीज़ का उपयोग करते है जिनसे हमने शुरू किया था और इसे जीवन–बदलने वाले चीजों में बदलकर बढ़ा देते हैं।

जीवनी (स्टोर क्लर्क) 8

एक स्टोर क्लर्क के रूप में, आप एक बड़े स्टोर में एक बड़े समूह का हिस्सा हो सकते हैं, या किसी दुकान में अकेले हो सकते हैं। इन दोनों मामलों में स्टोर क्लर्क को अपने संभावित ग्राहकों की जरूरतों के लिए सतक्र रहने की आवश्यकता हैं और जरूरत पड़ने पर मदद करने के लिए तैयार भी रहना चाहिए।

जिम्मेदारियाँः स्टोर क्लर्क को वही करना चाहिए जो स्टोर के मालिक या डिपार्टमेंट मैनेजर द्वारा करने को कहा जाता है। यह हमेशा आपकी पसंदीदा स्थिति नहीं होगी, क्योंकि स्टोर की जरूरतें इस बात पर आधारित होती हैं कि कौन से विभाग अधिक व्यस्त हैं, कौन से क्लर्क उपलब्ध हैं और क्लर्क को कौन से कौशल और प्रशिक्षण हासिल हैं।

अवसरः अक्सर रोजगार देने से पहले या उसके दौरान थोड़ी मात्रा में प्रशिक्षण दी जाती है, इसलिए, प्रशिक्षण अच्छा होता है। साथ ही, यह एक सेवा का काम भी है, और सेवा करना परमेश्वर के राज्य के केंद्र में है, इसलिए सेवकाई को सीखना आपके पूरे जीवन में आपकी मदद करेगा। नौकरी की मांग होती है कि आप सबसे अच्छा दिखें और पर्याप्त आराम करें ताकि आप स्पष्ट रूप से सोच सकें और दुकानदारों के साथ अच्छी तरह बात कर सकें, और वे ऐसी मूल्यवान चीजें हैं जो हमेशा आपकी मदद भी करेंगे।

प्रश्न और उत्तर 8

1. अगर परमेश्वर हमें आशीष देना चाहते है, तो वह बुरे काम क्यों होने देते हैं? (हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहाँ बहुत सारे पाप है, और कठिन चीजें हम सभी के साथ होती हैं। साथ ही, परमेश्वर हमारे शरीर की तुलना में हमारे हृदय के बारे में अधिक परवाह करते हैं, क्योंकि हमारे प्राण और आत्मा अनंत हैं, लेकिन शरीर ऐसा नहीं है। परमेश्वर दर्द और परिस्थितियों का उपयोग हमारे दिल को बदलने और हमारी परिपक्वता को बढ़ाने के लिए करते हैं।)



2. आपके समाज में ऐसे कौन से नियम हैं जिनकी कारण आप उनके प्रति जिम्मेदार हैं जिन्हें मदद की जरूरत है ताकि उनकी मदद कर सके? (इस बात पर चर्चा करें कि दुनिया भर में अलग–अलग संस्कृतियों के अपने समाजों में अलग–अलग नियम कानून होते हैं। प्रत्येक समाज में कई नियम अपनाए गये हैं। क्या आपको एक भिखारी को देना चाहिए? यदि कोई महिला सड़क पर गिरती है, तो क्या लोग उसकी मदद करने के लिए रूकेंगे? यदि कोई बच्चा खो गया है, तो क्या लोग उसकी मदद करेंगे?)

3. आपने कितनी बार लोगों को ऐसा कहते सुना हैं, ''यह मेरी समस्या नहीं है,'' और वे मदद करने से इनकार करते हैं या वे यह तय करते हैं कि कोई मदद की जरूरत नहीं है और मदद नहीं करते? (अपने विद्यार्थी के साथ उस समाज के नियमों के बारे में चर्चा करें जिसमें आप रहते हैं, और कब ऐसा करना सही है या मदद नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक उदाहरण में, इस बात की भी चर्चा करें कि आपको क्या लगता है कि परमेश्वर हमसे क्या अपेक्षा रखते हैं।)

4. यदि परमेश्वर आपसे अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज का बलिदान करने को कहते हैं, तो वह क्या होगा? (हम में से कई लोगों के लिए, यह हमारा सबसे करीबी परिवार होगा। लेकिन परमेश्वर वास्तव में हमारे जीवन का सर्वप्रथम बनना चाहते हैं, और वह हमें उसकी सेवा करने के लिए अपने परिवार के साथ अपनी निकटता को भी बलिदान करने के लिए कहेंगे। अपने विद्यार्थियों के साथ इस बात की चर्चा करें कि मिशनरियों को कैसा महसूस होता है जब उन्हें दूसरे देश में परमेश्वर की सेवा करने के लिए अपने परिवार को छोड़ना पड़ता है।)

5. यदि आप परमेश्वर से अपने जीवन में कोई एक विशिष्ट ज़रूरत को पूरी करने के कह सके, तो यह क्या होगा? (बच्चों को उनके जवाब देने दें।)

पहेली जवाब 8

शब्द खोज

यी	बा	आ	म	पा	नी	आ	दा	च	म	त्मा	र	म
दा	शु	प	बा	दा	ज	म	स	बा	च	ज	दा	दा
आ	म	ज	च	प	ज	प	दा	रि	प	म	बा	ख
बा	इ	ब	ल	बा	म	से	म	च	य	आ	अ	र
दा	प	ज	दा	प	आ	दा	द	बा	अ	स	प	स
बा	म	च	बा	आ	च	च	द	प	दा	ज	र्या	दा
पा	टी	बा	दा	प	ज्ञा	से	दा	आ	च	प	स्त	ज
दा	आ	ज	म	से	बा	पा	म	ज	दा	र	म	रु
बा	से	व	क	च	दा	आ	ल	प	म	मे	ज	र
म	बा	दा	प	ज	शा	प	बा	त	बा	श्व	दा	त
उ	त्त	म	म	म	दा	दी	आ	ज	दा	र	आ	म



खेल 8

हर कोई बाल्टी की ओर

समय से पहले स्वादिष्ट या प्राकृतिक पानी और पीने के लिए स्ट्रॉ तैयार करें। प्रत्येक टीम जितना संभव हो उतना एक छोटा गोला बनाएं। पानी के पात्र को समूह के बीच में रखें, और पूरा समूह उस पात्र में से तब तक पीएं जब तक कि यह खाली न हो जाए। वे एक बार में सभी या एक समय पर एक करके भी पी सकते हैं। यदि आपके समूह बड़े हैं, तो प्रत्येक टीम के लिए पीने के लिए कई पात्र रखें।



गृहकार्य 8

किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढों जो किसी ज़रूरत में हो और उन्हें वैसा ही दो जैसे यीशु हमें देता है "दबा दबाकर और हिला हिलाकर और उभरता हुआ।"

यीशु की तरह प्यार करें

09

अच्छा सामरीः लूका 10:25–37

नाटक (पहला भाग)

एजेंट इस बारे में सोच रहा था कि परमेश्वर को अपना पूरा जीवन कैसे समर्पित करना चाहिए। कलीसिया में उसने सीखा था कि अपने पड़ोसी को अपने जैसा ही प्यार करना चाहिए। वह टीम को बताता है कि इस हफ्ते अपने पड़ोसियों के साथ उसने कैसे अच्छा व्यवहार किया, सिवाय एक लड़के को छोड़कर जो उसका दुश्मन है। उसका परिवार हमेशा से दुश्मन रहा हैं। एजेंट सोचता है कि उसे अपने दुश्मन को छोड़कर सभी से प्यार करना चाहिए। इस पर टीम असहमत होते हैं और फिर समय में पीछे की ओर जाकर इसका पता लगाने को जाते हैं।

पाठ 9

लूका 10:25–29 को पढ़िए
यीशु ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण आज्ञा परमेश्वर से प्यार करना और अपने पड़ोसी से प्रेम करना है और बाकी सभी नियम इन दोनों आज्ञाओं में पूरी हो जाती हैं।

हम आराधना के द्वारा और उसकी आज्ञाओं को मानते हुए परमेश्वर के प्रति अपना प्रेम दिखाते हैं। लेकिन हमारा पड़ोसी कौन है और हम उन्हें कैसे प्यार दिखाते हैं?

लूका 10:30–37 को पढ़िए

सामरी और यहूदी लोग किसी कारण से एक–दूसरे को पसंद नहीं करते थे। इसलिए, जब यीशु ने एक पड़ोसी के उदाहरण के रूप में एक सामरी का उपयोग किया, तो यहूदियों को इसे स्वीकार करना कठिन लगा। और इस कहानी में, सामरी ''अच्छा आदमी'' था। यीशु हमें बता रहे हैं कि सभी लोग हमारे पड़ोसी हैं और हमें उन सभी के प्रति प्रेम और दया को दिखानी चाहिए।

अगला सवाल है, ''हम उनके प्रति प्यार को कैसे दिखा सकते हैं?'' फिर से, अच्छे सामरी के दृष्टांत में, उस सामरी आदमी ने यहूदी आदमी की देखभाल की। सामरी के लिए उस आदमी के घावों का इलाज करके और उसे एक होटल तक पहुंचाना ही एक बहुत अच्छा काम गिना जाता। यह उसके लिए काफी था। लेकिन उसने इससे भी बढ़कर किया और उसके ईलाज के बिलों का भुगतान भी किया और वादा किया कि बाद में आकर वह सुनिश्चित करेगा कि सब कुछ ठीक है कि नहीं। यह हमारे लिए एक महान उदाहरण है, कि हम हमेशा उदारता और असाधारण रूप से हमारे आस–पास के लोगों के प्रति कुछ अच्छा करने के तरीकों की तलाश में रहें! आखिरकार, हमारे लिए दुनिया में आकर और हमारे लिए मर कर यीशु ने भी ऐसा ही किया।

याद करने की आयत 9

लूका 10:27 उसने उत्तर दिया, "अपने प्रभु परमेश्वर को अपने सम्पूर्ण हृदय, सम्पूर्ण प्राण, सम्पूर्ण शक्ति और सम्पूर्ण बुद्धि से प्रेम करो और अपने पड़ोसी को अपने समान प्रेम करो।

नाटक (दूसरा भाग)

अपने मिशन से वापस आने के बाद, एजेंट हैरान होता है। वह अपने दुश्मन से कैसे प्यार कर सकता है? पहला, उसके प्रति दयालु होने के बारे में सोचना ही बहुत मुश्किल है और दूसरा, यह सोचना ज्यादा मुश्किल है कि क्या करना चाहिए। वह उस टीम के साथ बातचीत करता है जो अपने दुश्मन से प्यार करने के विभिन्न तरीकों पर विचार करती है। अगुवा सुझाव देता है कि वह एक छोटा काम कर सकता है, भले ही वह ऐसा महसूस न करे, और उस छोटी सी चीज को करने के बाद वह अपने मन में अच्छा महसूस कर सकता है। वे एक साथ प्रार्थना करते हैं और परमेश्वर से

अपने दुश्मन को एक मजेदार दिन का आशीष देने के लिए कहते हैं। यह एजेंट को स्वीकार करने के लिए यह काफी छोटी बात है। तब एजेंट अगली बार जब अपने दुश्मन को देखता है तो उसे ''हैलो'' कहने का निर्णय लेता है, वह भी बिना किसी अच्छी प्रतिक्रिया की उम्मीद के। वहां से, शायद वह मौसम या कुछ सरल तरीके से बातें करना शुरू कर सकता है, जब तक कि परमेश्वर की मदद से, वे बाद में दुश्मन नहीं होंगे।

न्याय 9

वे कौन सी बातें हैं जो हम इसलिए करते हैं क्योंकि हम अपने आप से प्यार करते हैं? भोजन खरीदना, बिलों का भुगतान करना, समस्याओं को हल करना। लेकिन यीशु हमें दूसरों को अपने जैसा ही प्यार करने के लिए कहते हैं। आइए, दूसरों के लिए अच्छा काम करें।

जीवनी (डॉक्टर) 9

एक डॉक्टर का काम लोगों की मदद करना है। यदि यह आपका काम है, तो यह जानना अच्छा है कि लोगों को ठीक करने के लिए परमेश्वर को डॉक्टरों की आवश्यकता है। हम जानते हैं कि बाइबल में, परमेश्वर के लोगों द्वारा चमत्कारी चंगाई के बारे में कई संदर्भ दिए गये हैं, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि परमेश्वर लोगों को उन प्रशिक्षणों को प्राप्त करने में भी मदद करता है जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, लूका, एक डॉक्टर था, और संभवतः वह उन स्थानों पर भी डॉक्टर के रूप में काम कर रहा था जहां पौलुस लोगों को चंगा कर रहा था।

जिम्मेदारियां: एक डॉक्टर को इस बात की जांच करने की जिम्मेदारी होती है कि किसी बीमारी का सही कारण का पता लगाएं और उसे ठीक करने के लिए सही ईलाज बतायें। पूरा समुदाय अपने दैनिक जीवन में अपने जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टरों के पास जाते हैं।

अवसर: डॉक्टर सभी प्रकार के लोगों से मिलते हैं और अध्ययन के द्वारा प्राप्त आत्मविश्वास और एक डॉक्टर होने के नाते सभी लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्हें सलाह देने में वे मददगार साबित होते है।

प्रश्न और उत्तर 9

1. मदद करने के लिए नहीं रूकने के लिए आपके साधारण बहाने क्या हैं? (हमारे सामान्य बहाने होते हैं: पैसा, समय, हमारे माता–पिता की अनुमति, दूसरे क्या कहते हैं, या मुसीबत में पड़ जाएंगे।)
2. क्या हमें हर किसी से दोस्ती करनी चाहिए? (हमें प्यार करना चाहिए, सभी के साथ अच्छा और मित्र भाव से रहना चाहिए। हालांकि, अगर कोई लगातार क्रूर हो रहा है, तो हमें उसका दोस्त या साथी रहने की ज़रूरत नहीं है। हमें अपने दुश्मनों से प्यार दिखाना चाहिए, लेकिन हम हमेशा उनके दोस्त नहीं रह सकते।)
3. आप लोगों के साथ उदार कैसे हो सकते हैं? (बच्चों की प्रतिक्रियाओं को सुनें। आप यह उल्लेख करके उनकी मदद कर सकते हैं कि सामरी मनुष्य ने कैसे उस यहूदी व्यक्ति की देखभाल की।)
4. क्या कोई आपके प्रति कभी उदार रहा है? (बच्चों को अपना उत्तर देने दें।)
5. अगर आप उस सामरी से मिले होते तो आप क्या करते? (यदि बच्चों की प्रतिक्रिया मदद करने के बारे में है, तो उनसे पूछें कि कैसे)



पहेली जवाब 9

शब्द खोज

घा	घा	य	ल	लु	घा	प	लु	ग	या	म	उ	प	लु
लु	उ	या	म	प	या	प	फ	ड़	लु	घा	फ	लु	या
ब	प्रे	प	फ	म	फ	ज	अ	ब	प	अ	टे	उ	म
या	फ	म	द	लु	उ	घा	क	ड़	फ	रे	फ	भु	घा
लु	घा	प	या	घा	या	लु	ब	प	उ	लु	ग	उ	लु
उ	म	लु	लु	या	प	डो	सी	घा	फ	ता	लु	या	उ
म	द	द	ता	फ	उ	लु	फ	प	न	अ	फ	लु	दा
ब	प	लु	फ	घा	प	घा	म	घा	फ	री	उ	प	र
घा	या	प	उ	म	द	लु	फ	या	सी	फ	या	घा	ता
लु	दे	ब	अ	न	दे	खा	क	र	ना	प	लु	फ	लु
ब	ना	उ	या	लु	घा	ब	लु	म	उ	फ	घा	उ	म
उ	फ	लु	प	फ	या	घा	फ	ब	च	ना	प	लु	घा





खेल 9

बताओ कौन

प्रत्येक बच्चे के लिए एक कुर्सी लें, उन्हें एक गोले में व्यवस्थित करके रखें, रंगीन कागज के टुकड़े काट लें और उन्हें कुर्सियों के पीछे चिपका दें। प्रत्येक रंग को कुर्सियों में कम से कम तीन बार दोहराया जाना चाहिए। संगीत चलाएं और तब बच्चे कुर्सियों के चारों ओर घूमें। जब संगीत रूक जाता है, तो बच्चों को जल्दी से बैठना चाहिए। तब शिक्षक एक रंग का नाम लेगा और जो विद्यार्थी उस रंग की कुर्सी पर बैठे हैं, उन्हें खड़े होकर याद की हुई आयत सुनाना है। उदाहरण के लिए, यदि शिक्षक 'लाल' कहता है, तो जो लाल कागज के साथ कुर्सी पर बैठे है वे सभी लोग उठते हैं और आयत को एक साथ बोलते हैं।

गृहकार्य 9

यह हफ्ते किसी जरूरतमंद की मदद करने का एक तरीका ढूंढें, फिर, उनके लिए दो और अन्य उदारता की चीजें करें।

परमेष्वर इसे पर्याप्त से अधिक बनाता है 10

5000 को खिलानाः मत्ती 14:13–21

नाटक (पहला भाग)

जांचकर्ता टीम के सदस्यों को बताती है कि कैसे चर्च में उसने एक छोटे बच्चे को उसकी माँ के लिए एक नोट लिखने में मदद की और उस छोटे बच्चे को गले से भी लगाया। जांचकर्ता कहती है कि वह हमेशा मदद करना चाहती थी लेकिन सोचता रहती थी कि वह ऐसा कैसे कर सकती थी। टीम ने उसे प्रोत्साहित किया कि उसने जो किया वह बहुत ही महत्वपूर्ण था, और फिर वे सभी बाइबल कहानी के लिए समय पर वापस पीछे की ओर जाते हैं।

पाठ 10

कितना काफी होगा?

मत्ती 14:15–21 को पढ़िए

यीशु के चारों ओर एक बड़ी भीड़ थी, और उन्हें भोजन की आवश्यकता थी!! यीशु ने अपने शिष्यों से कहा कि उनके पास जो थोड़ा खाना मौजूद हैं उनमें से वे उस बड़ी भीड़ को भोजन खिलायें।

5000 लोगों की भीड़ के पास 5 रोटियां और 5 मछलियों को लेकर जाने के लिए चेलों के विश्वास की ज़रा कल्पना कीजिए? सभी को केवल एक छोटा सा टुकड़ा ही मिलता और शायद बाद में शिष्यों के लिए कुछ भी बाकी नहीं बचता। लेकिन यीशु ने एक चमत्कार किया और वहां सभी के लिए पर्याप्त भोजन हो गया और साथ ही बाद में 12 भरी टोकरियाँ भी बच गये!! हर किसी ने अपना पेट भरके खाया और यहां तक कि अगले दिन के लिए शिष्यों के पास पर्याप्त भोजन बच गया था।

यीशु सभी के लिए केवल पर्याप्त भोजन ही प्रदान कर सकता था, लेकिन इसके बजाय उन्होंने शिष्यों के पास जो कुछ था उसे लिया और उसे बढ़ाने का चुनाव किया।

हम भी शिष्यों की तरह बन सकते हैं। जब हम उस थोड़ी सी चीज़ को भी देने के लिए तैयार होते हैं जो हमारे पास है, तो परमेश्वर इसके साथ कुछ अविश्वसनीय काम कर सकते हैं।

यह केवल भोजन या धन से भी कुछ अधिक है जिसमें हमारा समय और मेहनत भी शामिल है।

याद करने की आयत 10

मत्ती 19:26 येशु ने उन्हें एकटक देखा और कहा, "मनुष्यों के लिए तो यह असम्भव है; किन्तु परमेश्वर के लिए सब कुछ सम्भव है।

नाटक (दूसरा भाग)

वर्तमान समय में वापस आने पर, जांचकर्ता को चर्च के एक अगुवे से उसके फोन पर एक संदेश प्राप्त होता है। बच्चे का परिवार हाल ही में शहर में आया था और किसी दोस्त को खोजने के लिए संघर्ष कर रहा था और बहुत अकेला महसूस कर रहा था। वह बच्चा अपने माता–पिता को अपने उस नए दोस्त के बारे में बताता है, जो चर्च में उनके प्रति दयालु था, और उन्हें यह जानकर अच्छा लगा कि वे इस शहर में इतने अकेले नहीं होंगे। एक अन्य व्यक्ति ने जांचकर्ता की दया देखी और अपने परिवार को भी लाने का फैसला किया। और यहां तक कि एक अन्य व्यक्ति ने भी कहा कि वे काफी उत्साहित थे और उसके उदाहरण का पालन करना चाहते थे और उनके आसपास दूसरों के प्रति दयालु थे। उन संदेशों को पाकर, जांचकर्ता ने उस बच्चे और अन्य लोगों को अच्छा महसूस कराने के लिए दया के अपने छोटे से कार्य को इतना बढ़ाकर देने के लिए परमेश्वर की स्तुति की।

न्याय 10

कुछ जरूरतों के पूरा होने की कल्पना करना बहुत मुश्किल लगता है। परमेश्वर यह मांग नहीं करता कि हम पूरी समस्या को खुद सुलझाएं बल्कि हम वह करें जो हम कर सकते हैं। बाकी काम परमेश्वर करेंगे।

जीवनी (कुक / भोजन पकाने वाला) 10

एक कुक दैनिक जीवन में बहुत फायदा पहुंचाने वाला हो सकता है। किसी विशेष कार्यक्रम के दौरान, लोग अक्सर रात के खाने के लिए बाहर जाते हैं। मनोबल को ऊंचा रखने के लिए स्कूल का दोपहर का भोजन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल टीम और सेना हमेशा मनोबल और ऊर्जा दोनों को बनाए रखने के लिए अपने समूहों को अच्छा भोजन प्रदान करने की कोशिश करते हैं।

जिम्मेदारियां: कुक को हमेशा मालिक या मैनेजर के दिशानिर्देशों के अनुसार काम करना पड़ता है। हालाँकि कुक को केवल उस चीज तक सीमित किया जा सकता है कि उसे क्या परोसना है और इसकी लागत कितनी हो सकती है, लेकिन तब भी एक कुक अध्ययन कर सकता है कि इसे और भी बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। खाना पकाने के लिए स्वच्छता और अच्छा दिखना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

अवसर: कुक को हमेशा मेनू के अनुसार काम करना होता है और कीमत को बजट के अंदर ही रखना होता है, लेकिन तब भी रचनात्मकता के लिए बहुत जगह हो सकती है। यदि यह आपके बॉस की अनुमति हो, तो एक परिवार जो गर्मकेक का आर्डर देता है, उनके बच्चों के लिए रचनात्मक तरीके से गर्मकेक बना सकते हैं जैसे–तितलियां, व्हेल, आदि की आकृति में। सब्जियों या मुख्य व्यंजनों पर प्यारी सी सजावट ग्राहकों के स्वाद को बढ़ा सकते हैं ताकि वे बार बार लौट कर आएं या अपने दोस्तों को भी इसके बारे में बता सकें। आप सीख सकते हैं कि इन चीजों को कैसे करना है और एक कुक के रूप में अपना व्यवसाय में उन्नति कर सकते हैं।



प्रश्न और उत्तर 10

1. क्या आपके पास कोई गवाही है जहाँ परमेश्वर ने आपके लिए कुछ अच्छा प्रदान किया है? इसे साझा करें। (उन्हें आपस में बांटने के लिए समय दें।)

2. क्या आपने ऐसे लोगों को देखा है जो मसीही नहीं हैं लेकिन उनके पास काफी संपत्ति, कार, कपड़े हैं और किसी चीज़ की कमी नहीं है जबकि एक मसीही होने के बावजूद वे चीजें आपके पास नहीं है? (शायद आपको लगेगा कि परमेश्वर पर भरोसा करना व्यर्थ है, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि इनमें से कई लोगों के मन में कोई शांति नहीं है। कभी–कभी उनके पास प्यार या खुशी की कमी होती है, उनके पापों से उन्हें माफी नहीं मिली है और उनका एकमात्र उद्देश्य पैसा कमाना होता है। उन्हें एहसास नहीं होता कि यह दुनिया अस्थायी है और स्वर्ग पृथ्वी पर किसी भी चीज से बहुत सर्वश्रेष्ठ होगा।)

3. दुनिया में सभी के पास पर्याप्त भोजन और पैसा क्यों नहीं है? (अपने विद्यार्थी को इस स्थिति के बारे में सोचने में मदद करें। शायद इसलिए कि परमेश्वर चाहते थे कि हम एक–दूसरे के साथ चीज़ों को बांटना सीखें। शायद यह उस पाप का हिस्सा है जिसने आदम के द्वारा दुनिया में प्रवेश किया।)

4. आपका मनपसंद भोजन क्या है? (बच्चों की प्रतिक्रियाओं को सुनें।)

5. किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचें जिसकी इस हफ्ते आप मदद कर सकते हैं। उसका नाम बताएं और यह भी कि आप उनकी मदद कैसे करेंगे।

पहेली जवाब 10

खेल 10

कप का पिरामिड

खेल शुरू करने से पहले, टेबल पर हर टीम को 36 डिस्पोजेबल कप (उपयोग करके फैंकने लायक) रखें। समान संख्या वाले सदस्यों के साथ दो टीम बनाएं। सबसे ऊंची मीनार बनाने के लिए दोनों समूहों के पास एक मिनट का समय होगा। एक बार में, एक मिनट खत्म होने के बाद, सबसे ऊंचीं मीनार वाला समूह विजेता होगा।





गृहकार्य 10

स्कूल में एक अतिरिक्त पैकेट में दोपहर का भोजन लाओ और इसे किसी ऐसे विद्यार्थी को दो जिसे आप अच्छी तरह से नहीं जानते हैं या जिसके पास दोपहर का खाना नहीं है।

परमेष्वर पर भरोसा रखना

11

यीशु ने तूफान को शांत कियाः लूका 8:22–25

नाटक (पहला भाग)

एजेंट टीम को ऐसे दो शरारती बच्चों के बारे में बताता है जो सड़क पर इंतजार करते रहते हैं और हर आने वाले बच्चे को परेशान करते हैं। वे विशेष रूप से उसको छेड़ना पसंद करते हैं, और हर बार जब वह उस रास्ते से जाता है तो उसे डर लगता है। अक्सर, वह दौड़ने की कोशिश करता है, लेकिन क्योंकि वे उससे बड़े हैं, इसलिए वे हर बार उसे पकड़ लेते हैं और उसे चोट पहुँचाते हैं। टीम उसकी स्थिति से चिंतित होती है और कहती है कि वे प्रार्थना करेंगे और मदद करने के तरीकों के बारे में सोचेंगे। फिर वे अपने मिशन में जाने के लिए टाइम मशीन पर चढ़ जाते हैं।

पाठ 11

क्या आप कभी किसी खतरनाक स्थिति में रहे हैं? क्या आपको कभी डर लगा है? एक दिन जब झील पर एक बड़ा तूफान आया, तो शिष्य बहुत डर गए थे।

लूका 8:22–25 को पढ़िए।

शिष्यों को तूफान के बीच में यह एहसास नहीं हुआ कि उनके बीच में कौन है। उनके साथ यीशु था, जिसका मौसम और हवा और लहरों पर पूरा अधिकार था। क्या आप अपने हाथ में पानी को कुछ देर रखने की कोशिश कर सकते हैं? यह हमारे लिए असंभव है, लेकिन परमेश्वर सर्व–शक्तिमान है।

जैसे यीशु नाव में सो रहा है, हम भी आराम कर सकते हैं और परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं। ऐसा इसलिए नहीं क्योंकि हमारे साथ कुछ भी बुरा नहीं होगा। उस समय उस नाव में सवार एक शिष्य को छोड़कर सभी शिष्य यीशु पर अपने विश्वास के कारण कई साल बाद मारे गए थे। यह बहुत बुरा है। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम क्या कर रहे हैं या हम किस स्थिति में हैं, हम परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं और आराम कर सकते हैं क्योंकि सबकुछ हमेशा उनके नियंत्रण में रहता है, यहां तक कि बुरी बातें भी। वह किसी भी बुरी स्थिति को किसी भी समय रोक सकता है। यदि वह किसी बुरी स्थिति को नहीं रोकता है, तो हम यह भरोसा कर सकते हैं कि वह इसमें से कुछ अच्छा लाने की योजना बना रहा है। और चाहे कुछ भी हो, परमेश्वर ने हमेशा हमारे साथ रहने का वायदा किया है। जब हम तूफान में होते हैं, तो हम जान सकते हैं कि यीशु हमारे साथ है, जैसे वह उन शिष्यों के साथ नाव में था। और जब हम यीशु पर अपना विश्वास रखते हैं, तो हम उसके हाथों में सुरक्षित रहते हैं और हम स्वर्ग में उसके साथ अनंतकाल बिताएंगे।

यीशु के तूफान को शांत करने के बाद, शिष्य उससे डर रहे थे। जब हमने यह पहचान लिया है कि हमारा परमेश्वर कितना बड़ा और शक्तिशाली है और वह हमसे कितना प्रेम करते हैं, तो हमें अब किसी और चीज से डर नहीं लगता है।

याद करने की आयत 11

व्यवस्थाविवरण 31:8 तेरे आगे-आगे चलनेवाला प्रभु है। वह तेरे साथ होगा। वह तुझे निस्सहाय नहीं छोड़ेगा। वह तुझे त्याग नहीं देगा। मत डर! निराश नहीं हो!

नाटक (दूसरा भाग)

मिशन से वापस आकर, टीम ने जो कुछ भी देखा, उसे देखकर वे आश्चर्यचकित है। यीशु और शिष्यों के साथ नाव में रहना और उन के साथ मिलकर उस दृश्य को देखना कि कैसे हवा और लहरों ने उसकी बात मानी, इससे उनका सारा विश्वास बढ़ गया। एजेंट सड़क पर शरारत करने वाले बच्चों के बारे में सोचता है और यह महसूस करता है कि वे परमेश्वर के जैसे ताकतवर नहीं हैं। टीम उसे उत्साहित करता है कि परमेश्वर हमेशा उसके साथ है। जैसे यीशु नाव में सो रहा है, एजेंट उन शरारती लड़को को भी अनदेखा कर सकता है और उन बुरे नामों को भी अनसुनी कर सकता है

जिन नामों से वे उसे चिढ़ाते हैं क्योंकि परमेश्वर जो पूरे ब्रह्मांड को नियंत्रित करता है वह उससे प्रेम करता है। एजेंट वहाँ से निकाल कर अपने घर चला जाता है। कुछ ही समय बाद, अगुवे को एजेंट से एक संदेश मिलता है कि उसने उन शरारती लड़को को अनदेखा कर दिया और थोड़ी ही देर बाद वे उसे अकेला छोड़ कर चले गए।

न्याय 11

जब आप परमेश्वर पर विश्वास करते हैं तो परमेश्वर आपको कभी भी न तो छोड़ता है और न ही त्यागता है, वैसे ही अन्य लोग जो उस पर विश्वास करते हैं वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगे और न ही उन्हें त्यागेंगे, फिर चाहे वे आपकी हर बात से सहमत न भी हों। इस बात पर ध्यान देने के बजाय कि हम किन बातों पर असहमत हैं, आइए देखें कि परमेश्वर दूसरे लोगों के जीवन में कैसे काम कर रहा है।

जीवनी (माँ) 11

माँ बच्चों को पालने के लिए परमेश्वर द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला महत्वपूर्ण माध्यम है। वे बच्चे के जीवन के सभी पहलुओं को सिखातीं हैं ताकि बच्चा विकसित हो सके और सीख सके और समाज के अनुरूप हो सके। जब परमेश्वर ने स्वयं को एक बच्चे के रूप में धरती पर आने के लिए चुना, तो उसने उस बड़े कार्य के लिए एक विशेष टीम को नियुक्त नहीं किया – उसने एक माँ को चुना।

जिम्मेदारियां: माताएं बच्चों को नवजात शिशु से वयस्क होने तक बड़ा करती हैं, और फिर एक सलाह देने की क्षमता के साथ आगे बढ़ती हैं। वास्तविक चुनौती इसलिए आती है क्योंकि जीवन शांतिपूर्ण, युद्धपूर्ण, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने वाला, या दुखद समय से होकर गुजर सकता है। कोई बात नहीं, माताओं को माताएं ही बने रहना चाहिए।

अवसर: माताओं का बच्चे या बच्चों के साथ एक अनोखा संबंध होता है, वह यह सीखती है कि वे किस तरह के व्यक्ति का पालन पोषण कर रहीं हैं। यह बच्चों के विभिन्न व्यक्तित्वों के कारण विभिन्न प्रशिक्षण, विभिन्न खेलों आदि के लिए द्वार खोलता है। आपको अपने जीवन में एक बच्चे को प्रेरित करना है।

प्रश्न और उत्तर 11



1. परमेश्ववर हमारे साथ बुरी बातें क्यों होने देता है? (परमेश्वर हमारे प्राण और आत्मा की अधिक परवाह करता है, इसलिए कई ''बुरी'' चीजें वास्तव में हमारे लिए बुरी नहीं हैं, लेकिन वे हमारे अच्छे के लिए हैं। यह पहचानना भी अच्छा है कि हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां बहुत पाप है, और परमेश्वर ने शैतान को पृथ्वी पर घूमने की अनुमति दी है। इसलिए मृत्यु, युद्ध, भूकंप, आपदाएं और बहुत से लोग बुरे काम करते हैं, और मसीही लोग भी दूसरों की तरह प्रभावित होते हैं।)
2. क्या आपको कभी डर लगा है? (इस बात पर चर्चा करें कि क्या आपको किसी स्थिति से डर लगा है, जैसे शिष्यों को तूफान में लगा था। बच्चों को यह याद दिलाएं कि कठिन परिस्थितियों में भी परमेश्वर उनके साथ हैं, भले ही वे उसे देख नहीं सकते।)
3. जब मुश्किल समय आया, जब आपने कोशिश करना और परमेश्वर को छोड़ देना चाहा, तब आप कैसे दृढ़ बने रहे? (प्रलोभन, कठिन क्षण हमारे जीवन में आते हैं और तब आपको यह याद रखने की आवश्यकता है कि आप अकेले नहीं हैं, कि आप अपने जीवन की सब बाते सुलझाने के लिए स्वयं समर्थ नहीं हैं। शिष्य भारी तूफान से डर रहे थे, लेकिन जब यीशु ने तूफान को शांत किया तब शांति हो गई। इसी तरह, आपके जीवन में मुश्किल चीजें हो सकती हैं, लेकिन जब यीशु आपके जीवन में है तो हम जानते हैं कि शांति आएगी।)
4. कौन सा जानवर आपको डराता है? (एक–दूसरे की बातों को ध्यान से सुनें)
5. अपने हृदय में साहस का अभ्यास करने और विकसित करने के लिए आप क्या कर सकते हैं? (उत्तर देने से पहले विद्यार्थियों को इस पर विचार करने की अनुमति दें। कुछ विचारों को कम लोगों के साथ अपने विश्वास को साझा करने के बारे में सक्रिय होना चाहिए। वे परमेश्वर की सेवा करने के किसी भी अवसर को स्वीकार करने के लिए समय से पहले तय कर सकते हैं, फिर चाहे यह डरावना ही क्यों न हो। एक ऐसा विश्वास जिससे साहस उत्पन्न होता है, उसके लिए आप बाइबल पढ़ने, प्रार्थना करने, परमेश्वर की स्तुति करने, दूसरों की प्रशंसा सुनने और परमेश्वर ने आपके जीवन में जो काम किया हैं उन बातों को लिखने या याद करने में समय व्यतीत कर सकते हैं।)

पहेली जवाब 11

शब्द खोज

ग	ली	ली	ड	प	र	मे	श्व	र	डू	प	ड
प	डू	ड	च	प	ड	डू	प	च	च	डू	यी
ड	डीं	ल	भ	ड	ल	शां	ल	ड	म	च	शु
डू	च	ख	त	र	ना	क	ह	प	ल्का	प	ड
ड	ड	प	ल	डू	ओ	भ	रें	ड	र	ग	प
रा	शां	डू	शां	प	धी	डू	प	ड	ल	डू	ड
हु	सी	प	ति	डू	ड	भ	च	शां	त	प	प
आ	या	डू	ल	च	प	शां	ड	प	शां	च	ना
प	हु	ड	च	प	ड	डू	भ	रो	सा	ड	व
ड	आ	प	डू	ब	ना	प	ग	डू	ल	प	भ





खेल 11

आयत को बालें अगर ...

आयत को बोलें अगर... आपने आज सुबह नाश्ता किया था, आपने कल रात को नहाया था, आपकी भूरी आँखें है, आपको केक पसंद है, आपने आज अपना बिस्तर ठीक किया, आपकी एक बहन है, आपने लाल रंग के कपड़े पहने हैं, आदि। बच्चों को पद याद करने में मदद करने के लिए कई बार इस पद को दोहराना एक आसान तरीका है।



गृह कार्य 11

ऐसे किसी व्यक्ति को ढूँढे जो कुछ डरावना या कठिन कार्य कर रहा है और स्वयंसेवक को उनके साथ जाने के लिए ढूँढे।

यीशु कौन है?

12

तुम क्या कहते हो कि मैं कौन हूं? मत्ती 16:13–20

नाटक (पहला भाग)

जांचकर्ता इस सप्ताह दुविधा में है। वह किसी ऐसे व्यक्ति से मिली जो बहुत दयालु और विनम्र था और जो बहुत खुश दिखता था लेकिन दूसरे धर्म को मानता था। वह उलझन में है, क्योंकि धर्म में अंतर को छोड़ दे तो वह व्यक्ति किसी भी मसीही व्यक्ति की तरह ही दिखता था। वह अगुवे और एजेंट के साथ अपनी दुविधा को बांटती है, यह सोचकर कि मसीही धर्म कैसे अलग है। अगुवा इस अभियान पर जाने से पहले उत्तर न देने का फैसला करता है क्योंकि इस समय वे आज की यात्रा कर रहे हैं। वे मशीन में चढ़ते हैं और यीशु और उसके शिष्यों को देखने के लिए समय पर पीछे की ओर जाते हैं।

पाठ 12

यहूदी लोग काफी सामर्थी लोग रहे थे, लेकिन उनपर कई बार कब्जा किया गया और उन्हें कई देशों में फैलना पड़ा और उनका धन लूट लिया गया था। लेकिन परमेश्वर ने वायदा किया था कि कोई उनकी मदद के लिए आएगा, उस व्यक्ति को मसीहा कहा जाएगा। यहूदियों ने स्वाभाविक रूप से एक सामर्थी योद्धा की उम्मीद की थी जो आक्रमणकारियों को उनकी भूमि से भगा देगा। लेकिन यीशु उन सब की उम्मीद से बढ़कर उनके सामने आए। उनकी भूमि और धन को बचाने की बजाय, वह उनके हृदयों को बचाने आया!

मत्ती 16:13–20 को पढ़िए

लोग ऐसा कह रहे थे कि यीशु एक भविष्यवक्ता था। यीशु ने अपने दोस्तों से पूछा कि उन्हें क्या लगता है कि वह कौन है। पतरस ने सही उत्तर दिया कि यीशु मसीहा था, जो जीवित परमेश्वर का पुत्र और इस्राएल का उद्धारकर्ता था! यीशु ने जवाब दिया कि यही कथन वह चट्टान है जो नई कलीसिया की नींव का पत्थर था।

आप के लिए यीशु कौन है? क्या वह कोई बाइबल का पात्र है, शायद भविष्यद्वक्ता या कोई महान शिक्षक? या क्या वह परमेश्वर का पुत्र है जो पृथ्वी पर उनके पापों से उनको बचाने और उनको एक समृद्ध जीवन देने के लिए आया था?

यूहन्ना 3:16 कहता है, ''क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।''

यीशु चाहता है कि हम उसे समझें कि वह कौन है और उस पर विश्वास करें ताकि वह आपको उत्तम चीजें दे सके!

याद करने की आयत 12

योहन 3:16 परमेश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो कोई उस में विश्वास करता है, वह नष्ट न हो, बल्कि शाश्वत जीवन प्राप्त करे।

नाटक (दूसरा भाग)

मिशन से वापस आकर, जांचकर्ता अपने टीम से बातचीत करती है कि उसने अभी क्या देखा। वह जानती है कि धर्मों के बीच जो एक अंतर है वह यीशु है, कि वह परमेश्वर का पुत्र है, कि वह हमारे लिए मर गया, और केवल वह ही सच्चे परमेश्वर के पास स्वर्ग जाने और अनंत काल का मार्ग है। वह उस व्यक्ति को यीशु के बारे में बताने का अवसर देखने का निर्णय लेती है, जिसे वह हाल ही में मिली थी, हालाँकि बाहर सब कुछ अच्छा लगता है, फिर भी उसे अपने जीवन को बचाने के लिए यीशु की आवश्यकता है।

न्याय 12

यूहन्ना 3:16 कहता है कि परमेश्वर ने हमसे इतना प्रेम किया कि उसने अपना बेटा हमारे लिए दे दिया! आइए उसके उदाहरण का अनुसरण करें और दूसरों के लिए हम क्या कर सकते हैं वह करें।

जीवनी (संडे स्कूल शिक्षक) 12

संडे स्कूल के शिक्षक पादरी या कलीसिया के प्रशासन द्वारा चुने गए वे लोग होते हैं जो बच्चों को उन महत्वपूर्ण जानकारियों को सीखने में मदद करते हैं जिनकी उन्हें उनके विश्वास में बढ़ने में आवश्यकता होती है।

जिम्मेदारियां: संडे स्कूल के शिक्षक को कक्षा की व्यवस्था का प्रबंधन करना जानना या सीखना चाहिए, उसके पास विद्यार्थियों के लिए शिक्षण और शिल्प सामग्री तैयार रहनी चाहिए, और संडे स्कूल के उचित तरीके से चलने के लिए अन्य शिक्षकों के साथ तालमेल रखना चाहिए।

अवसर: संडे स्कूल के शिक्षक यह परखना सीख सकते हैं कि विद्यार्थी आत्मिक रूप में कैसे हैं और शिक्षण शैली और/या जो सामग्री है वह आत्मिक उन्नति के लिए बनाई जाए। शिक्षक विद्यार्थी के लिए दर्शन दे सकता है – ताकि विद्यार्थियों को यह देखने में मदद मिले कि आज के सरल तरीकों का पालन करके वे भविष्य में क्या अच्छे परिणामों को पा सकते हैं। कुछ मामलों में, सांसारिक स्कूल अपने स्कूलों में धार्मिक शिक्षण की अनुमति नहीं देते हैं, इसलिए संडे स्कूल शिक्षक उन जगहों को भर सकते हैं जिनके परिणामस्वरूप बच्चों को शिक्षा मिल सके।

प्रश्न और उत्तर 12



1. आप भविष्य में परमेश्वर की सेवा कैसे करना चाहते हैं? (इस विषय पर चर्चा करने के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित करें। यह याद रखें कि परमेश्वर हर एक को अलग–अलग वरदान देता है, और मसीह की देह का हाथ उसकी आंख से बेहतर नहीं है और न ही इसके उलट)।
2. यीशु के बारे में आपका क्या मानना है? परंपरा के अनुसार, परमेश्वर के साथ आपके व्यक्तिगत अनुभव से एक उपदेशक या शिक्षक क्या कहता है? (यह अफसोस की बात है कि कलीसिया के कई बच्चे कहते हैं कि वे परमेश्वर में विश्वास करते हैं, लेकिन इसलिए नहीं कि उनका यीशु मसीह के साथ एक व्यक्तिगत अनुभव था। कलीसिया में एक मसीही व्यक्ति को आत्मिक होना आसान होता है जब आप उन लोगों से घिरे होते हैं जो ऐसे ही कार्य करते हैं (परंपरा के अनुसार)। लेकिन सड़क पर, काम पर और हर जगह जहां हम जाते हैं, इन जगहों पर परमेश्वर हमें हमारे जीवन का सबसे बड़ी शिक्षा देता है। यही वह जगह है जहां हम यीशु को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं।)
3. व्यक्तिगत रूप से, आप यीशु के बारे में क्या विश्वास करते हैं? (सबसे महत्वपूर्ण बात जो आप विश्वास करते है वह यह कि वह आपका उद्धारकर्ता है, आपको उसके बारे में व्यक्तिगत स्तर पर ज्ञान है, न कि सिर्फ कलीसिया में दिखाई देने के लिए।
4. आपको कहां से लगता है कि हम यीशु के बारे में अधिक जान सकते हैं? (हम अक्सर कलीसिया के बारे में सोचते हैं, लेकिन जहां से हम यीशु के बारे में सबसे अधिक जान सकते हैं, वह है उसका वचन पढ़कर और उसके साथ एक व्यक्तिगत अनुभव रखने के द्वारा। (पढ़ने और आज्ञाकारिता से गहरी समझ पैदा होती है, जिससे परमेश्वर के प्रति अधिक प्रेम पैदा होता है, जो अधिक पढ़ने और आज्ञाकारिता की ओर ले जाता है, एक ऊपर की ओर जाने वाली सीढ़ी की तरह।)
5. अगर आप अपने जीवन के बारे में यीशु से कुछ मांगना चाहते हैं, तो आप उससे क्या मांगेगे? (याद रखें कि यीशु हमारे बारे में सब कुछ जानता है। कभी–कभी हमें अपने जीवन के बारे में संदेह होता है या इसके बारे में कि कुछ चीजें क्यों होती हैं। बच्चों को उनके उत्तर देने दें। उन्हें याद दिलाएं कि परमेश्वर उन्हें सुन सकता है और विभिन्न तरीकों से उनके सवालों का जवाब दे सकता है)।

पहेली जवाब 12

खेल 12

गिलास गुब्बारा





खेल की शुरुआत से पहले 15 प्लास्टिक के कप की एक पंक्ति को एक टेबल के किनारे पर एक पंक्ति में रखा जाता है। जब घड़ी चलना शुरू होती है, तो खिलाड़ी के पास एक गुब्बारा फुलाने के लिए 60 सेकंड का समय होता है, जो गुब्बारे से निकलते हवा का उपयोग करके मेज से सभी कपों को नीचे गिराता है। उद्देश्य को हासिल करने के लिए गुब्बारे को आवश्यक रूप से कई बार फुलाया जा सकता है। यदि किसी कप को टेबल पर छोड़ दिया जाता है तो खिलाड़ी हार जाता है और फिर दूसरे बच्चे की बारी आती है। आप दो समूह बना सकते हैं (लड़कों बनाम लड़कियों की तरह) और एक ही समय में प्रत्येक समूह से एक स्वयंसेवक खेलता है और देखता है कि कौन अपने सभी कप सबसे तेजी से गिराता है।

गृह कार्य 12

एक ऐसे व्यक्ति को चुनें जो यीशु को जानना चाहता है और उन्हें अपना समय दे और हर दिन उनके लिए प्रार्थना करें। फिर उन्हें एक छोटा सा उपहार खरीद कर दें। उन्हें यीशु के बारे में बताएं और उन्हें संडे स्कूल में आमंत्रित करें।

यीशु अपनी सामर्थ दिखाता है 13

लाज़रः यूहन्ना 11:32–44

नाटक (पहला भाग)

एजेंट टीम के साथ कल अपने बहुत ही असामान्य दिन के बारे में बात करता है। सब कुछ गलत लग रहा था, फर्श पर गिरते हुए खाने से लेकर उसके कागज पर रस गिरने तक, उसका सिर गुस्से से भर उठा था. .. वह कागज को बदलने के लिए दुकान जा रहा था कि बारिश होने लगी और वह पास की एक दुकान की ओर भागा। सीढ़ियों पर, वह फिसल गया और उसका बायाँ जूता फट गया। ऐसा लग रहा था कि यह अब तक का सबसे बुरा दिन है। ठीक उसी समय, जिस दुश्मन के बारे में वह कई हफ्तों पहले बात कर रहा था, दुकान में आता है और वहां उसका दाहिना जूता फट जाता है! एजेंट ने देखा कि वह उसी प्रकार का जूता था जो उसके पास था, इसलिए उसने दूसरे लड़के को अपना अच्छा जूता दे दिया। आश्चर्य, दूसरे लड़के ने जूता स्वीकार कर लिया और फिर सवाल पूछना शुरू कर दिया। आखिरकार, उन्होंने परमेश्वर के बारे में बातें की। हालाँकि एजेंट को बहुत कुछ पता नहीं था, लेकिन उसने उसे यीशु के बारे में बताने की पूरी कोशिश की। बारिश रूकने के बाद, एजेंट के पास जूते नहीं थे, सिरदर्द हो रहा था और अभी भी उसे कागज खरीदने की जरूरत थी। लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद वह अंदर से बहुत खुश था। टीम ने कहानी पर अचंभा किया और फिर यीशु को देखने के लिए समय में पीछे के ओर चले गये।

पाठ 13

यीशु के कुछ दोस्त थे जिसमें लाजर और उसकी दो बहनें मरियम और मार्था भी शामिल थीं। लेकिन लाजर बीमार हो गया और मर गया था। यीशु बैतनिय्याह में उस परिवार को देखने गया जहाँ लाजर को कब्र में रखा गया था।

यूहन्ना 11:32–44 को पढ़िए

दोनों बहनों का विश्वास था कि अगर यीशु वहाँ जल्दी आते तो लाजर जीवित रहता। उनके पास यह योजना थी कि यीशु को लाजर को कैसे बचाया जाना चाहिए, जैसे उसने पहले कई लोगों को बचाया था। लेकिन यीशु के पास बेहतर योजनाएँ थीं।

यीशु ने दुनिया को यह दिखाने के लिए कि बीमारी पर उसका अधिकार है, कई बीमार लोगों को चंगा किया था, अब यीशु दुनिया को यह दिखाने जा रहा था कि उसका मृत्यु पर भी अधिकार था!!

मार्था ने चमत्कार से ठीक पहले कहा, कि लाजर के शरीर से बदबू आ रही होगी। उसे अब भी विश्वास नहीं था। लेकिन फिर, यीशु ने लाजर को पुकारा और वह कब्र से बाहर चलकर आया! वह क्या ही उत्सव मनाने का दिन था!

परमेश्वर अक्सर उन तरीकों से काम करता है जिनकी हम उम्मीद भी नहीं कर सकते। हमें उसके काम के लिए अपने आप को उपलब्ध करने के लिए सावधान रहने की जरूरत है। सिर्फ इसलिए कि हमने परमेश्वर को अपने जीवन में कुछ करते देखा, इसका मतलब यह नहीं कि वह किसी और के लिए भी वही करेगा। लेकिन इस बात की परवाह किए बिना कि परमेश्वर क्या करना चाहता है या क्या नहीं करना चाहता है, हम भरोसा कर सकते हैं कि उसके पास सभी चीजों पर अधिकार है और यीशु पर विश्वास करने से हमारे पास अनन्त जीवन होगा।

याद करने की आयत 13

यूहन्ना 11:25 येशु ने कहा, "पुनरुत्थान और जीवन मैं हूँ। जो मुझ में विश्वास करता है, वह मरने पर भी जीवित रहेगा.

नाटक (दूसरा भाग) 13

अपने मिशन से वापस आकर, उन्होंने बातचीत की कि यीशु अक्सर उन तरीकों से काम करता है जिनकी हम उम्मीद भी नहीं करते, जैसे एजेंट के बुरे दिन को अपने दुश्मन के साथ यीशु के बारे में बात करने के अवसर में बदलना। एजेंट उन्हें बताता है कि वह उसे अब अपना दुश्मन नहीं कहेगा क्योंकि अब वह उसके बारे में ऐसा नहीं सोचता। अब वे दोनों दोस्त हैं।

न्याय 13

परमेश्वर लोगों की मदद करने के लिए हमारे द्वारा काम करना चाहता है। आइए परमेश्वर को अपने तरीके से कार्य करने के लिए अनुमति देने के लिए अपने हृदय को खोलें।

जीवनी (सफाई कर्मी) 13

एक सफाई कर्मी शहर को साफ–सुथरा रखने और बीमारी फैलाने वाले जानवरों से मुक्त रखने का काम करता है। उसे हमेशा लोगों के साथ काम करना पड़ता हैः अपने सहकर्मियों के साथ और शहर के अन्य लोगों के साथ जिसका वह एक हिस्सा है। काम के घंटे लंबे हो सकते हैं और कई बार देर रात या हफ्ते के अंत में भी काम करने की आवश्यकता हो सकती है।

जिम्मेदारियांः सफाई कर्मी शहर या उस कंपनी के लिए काम करता है जिसे शहर ने काम पर रखा है। समय पर उपस्थित रहना और काम पूरा होने पर घर जाने की इच्छा रखना महत्वपूर्ण है, न कि तब जब घड़ी कहती है कि जाने का समय हो गया है। उसे अपने कार्य दल के अन्य लोगों के साथ और शहर के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

अवसरः क्योंकि सफाई कर्मी शहर में हर किसी से मिल सकता है, इसलिए उसके पास जरूरतमंदों के लिए प्रार्थना करने, दुखी लोगों को आश्वासन देने और उदास लोगों को उत्साहित करने का अवसर होता है। जिसमें उसके साथ काम करने वाले दल के सदस्य भी शामिल हैं। जब अवसर होता है और जब उसके काम में कोई बाधा न पड़ता हो तो वह कुछ पैसों से भी किसी की मदद कर सकता है।



प्रश्न और उत्तर 13

1. क्या ऐसी चीजें हैं जो परमेश्वर नहीं कर सकते? (नहीं, बाइबल कहती है कि परमेश्वर सर्व–शक्तिमान है, वह सब कुछ देख सकता है, सब कुछ समझ सकता है, जगत की उत्पत्ति से लेकर आज और भविष्य तक। परमेश्वर के लिए सबकुछ संभव हैं।)

2. क्या आपने कभी कोई चमत्कार देखा है? (अपने विद्यार्थियों को उनके द्वारा देखे गए विभिन्न चमत्कारों पर चर्चा करने के लिए समय दें, चाहे वे बड़े हो या छोटे। यदि आपके पास कोई व्यक्तिगत गवाही है तो उसे साझा करें। ये चमत्कार कोई अवसर, कोई व्यक्ति जो अपने मन को प्रभु के लिए खोलता है, चंगाई, मनोभाव में परिवर्तन आना या परमेश्वर की सुरक्षा हो सकते हैं।)

3. परमेश्वर ने मुझे क्यों बनाया? (परमेश्वर के प्रेम के विषय में बात करें, उसकी सेवा करने के विकल्पों के विषय में बात करें और कैसे परमेश्वर आपके विषय में सब कुछ जानता है जिसमें आपके वरदान, प्रतिभाएं, पसंद और स्वभाव आदि शामिल हैं।)

4. आपको क्या लगता है कि यीशु द्वारा जी उठाए जाने के बाद लाजर कैसा दिखता था? (हंसमुख, हैरान, थका हुआ, अलग–अलग जवाब दें और बच्चों को वह बताने दें जो उन्हें लगता है।)

5. आप कैसे चाहते हैं कि परमेश्वर आपके जीवन का उपयोग करे? (बच्चों को जो पसंद हैं उन्हें बताने दें, शायद एक प्रचारक, गायक, मिशनरी या कोई शिक्षक बनना आदि।)

पहेली जवाब 13

शब्द खोज

जी	ज़	यी	जी	व	न	ला	ब	यी	प्र	द	शं	न	ज़	शं	य	म	यी
म	ब	ला	म	ब	जी	शं	य	ला	जी	ज़	म	क	ब्र	डू	यी	ला	शु
मू	यी	ज़	सा	य	सा	म	र्थ	शं	ला	ब	ज़	य	जी	ब	डू	सा	ज़
त्यु	ज़	जी	डू	म	सा	ज़	सा	म	डू	यी	य	म	ज़	डू	मा	र्थो	यी
य	ब	सा	ला	य	ब	य	यी	डू	ब	सा	म	रि	यी	शं	सा	डू	य
म	ला	शं	यी	शं	द	ब	जी	य	रो	शं	ला	य	डू	ब	ला	म	जी
य	ज़	जी	ज़	सा	बू	शं	ला	शं	या	म	शं	म	जी	ज़	यी	य	ज़
सा	र	ला	ब	शं	य	यी	ब	म	शं	सा	यी	ज़	शं	म	शं	ला	जी
यी	ज़	म	यी	ला	जी	च	म	त्का	र	ब	य	जी	ला	डू	दे	री	सा





खेल 13

बास्केटबॉल

अपने याद किए हुए आयत के प्रत्येक शब्द को कागज के एक टुकड़े पर लिखें और उससे एक गेंद बनाएं। कक्षा को समूहों में विभाजित करें और प्रत्येक टीम याद की हुई आयत के 'गेंदों' को इकट्ठा करें। कक्षा के सामने एक बास्केटबॉल घेरा (या बाल्टी या टोकरी) रखें। समूह कुछ दूरी से टोकरी में अपने कागज के गोले फेंकने के लिए मुकाबला करते हैं। जीत हासिल करने वाला पहला समूह, फिर वे कागजों के साथ उस आयत को सुना सकते हैं और फिर से खेल शुरू कर सकते हैं।

गृह कार्य 13

परमेश्वर से पूछें कि वह आपको यह दिखाएं कि किसी पड़ोसी की मदद करने के लिए आप क्या काम कर सकते हैं और जब वह सही समय आता है तो अपने पड़ोसी के साथ समय तय करें और फिर उस काम को करें।